हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 04.09.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 46 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया



एक नजर

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**बिष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत दो पंचायतो बेड़ा हरियारा एवं नवादा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। नवादा पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने दीप प्रज्वलित किया। तो बेड़ा हरियारा पंचायत में अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एवं मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब के द्वारा दीप प्रज्वलित कर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। दोनों पंचायतो में आपके द्वार कार्यक्रम में लगाए गए सभी स्टॉलो में ग्रामीणों की काफी भीड़ देखने को मिली। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, राशन कार्ड योजना, जॉब कार्ड बनाने संबंधी योजना, पशुधन योजना, जाति, आय, आवासीय बनाने संबंधी फॉर्म, जमीन से संबंधित समस्याओं का निपटारा हेतु आवेदन शिविर में प्राप्त किए गए। मौके पर राहुल कुमार, रामचंद्र यादव, गुरु प्रसाद इत्यादि गण मान्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

## गोन्दलपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने आजसू पार्टी का थामा दामन

**बड़कागांव** : बड़कागाव प्रखण्ड अन्तर्गत आजसू पार्टी का दामन थामा गोन्दलपुरा गँव के साथ कोल कंपनियों का अन्याय नही होने दिया जाएगा। रौशनलाल चौधरी आजसू पार्टी के बड़कागांव प्रखण्ड आवासीय कार्यालय मे आज बड़कागांव प्रखण्ड के ग्राम पंचायत गोन्दलपुरा के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस पार्टी के पूर्व बड़कागांव प्रखण्ड महामंत्री उमेश यादव के नेतृत्व मे कई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्त्ता आजसू पार्टी मे शामिल हुए। जिसमे मुख्य रूप से नरेन्द्र यादव, संतोष यादव, शंकर यादव, विजय यादव, राजेश यादव, देवनारायण राणा,सहित गाँव के बालदेव कुमार, लालदेव महतो, बड़कागांव प्रखण्ड के ग्राम पंचायत डाड़ी कला से मो. सनाउल्लाह, मो. मेहताब आलम, अमित महतो ग्राम जुगरा के तेली समाज के प्रसिद्ध समाज सेवी लखन साव और अन्य कई ग्रामीण भी बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी एवं आजसू पार्टी पर विश्वास जताते हुए पार्टी मे शामिल हुए, शामिल होने वाले सभी लोगों को रौशनलाल चौधरी जी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर आजसू पार्टी मे स्वागत किया। और सभी लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा की मेरे हाथ मे बड़कागांव विधानसभा का नेतृत्व आने के बाद किसी भी विस्थापित गाँव मे अन्याय नही होने दिया जाएगा, उन्होंने आगे कहा की बड़कागांव को हर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और ये बदलाव पहले ही साल से दिखने लगेगा आप सभी लोगों को भरोसा दे की उनका भरोसा हमेशा कायम रहेगा।

## स्थानीय संस्थापक लॉग डाटा एनालिटिक्स में ला रहे हैं बदलाव

**हजारीबाग** : व्यवसायों की डिजिटल टेक्नोलॉजी पर बढ़ती निर्भरता के साथ, लॉग डाटा की मात्रा और जटिलता भी लगातार बढ़ती जा रही है। लॉग मैनेजमेंट समाधान, अक्षमता और लागत बढ़ रही है। इन चुनौतियों को देखते हुए, लॉग-एनालिटिक्स आधारित स्टार्टअप, पर्सिएबल, स्टोरेज और विश्लेषण-आधारित चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभूतपूर्व दृष्टिकोण के साथ सामने आया है। कंपनी ने हाल ही में 23 करोड़ की राशि सीड फंडिंग राउंड मे रेज की। स्टार्टअप का क्लाउड आधारित संरचना बेजोड़ व्यापकता, विश्वसनीयता और फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है, जो इसे प्रदर्शन से समझौता किए बिना सबसे ज्यादा मांग वाले वर्कलोड को संभालने में सक्षम बनाता है।

# उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता, दो कंटेनर में मिला 500 पेटी अवैध विदेशी शराब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : इन दिनों हजारीबाग उत्पाद विभाग लगातार बड़ी कारवाई के लिए सुर्खियों में हैं बीते माह से अब तक उत्पाद विभाग ने करीब दो करोड़ का अवैध विदेशी शराब जप्त किया है उत्पाद विभाग ने हाल के दिनों में पदमा थाना क्षेत्र में दो बड़ी, चौपारण थाना क्षेत्र में एक बड़ी कारवाई, कटकमदाग थाना क्षेत्र के एक बड़ी कारवाई की है जिसमें भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया है इसी क्रम में सहायक उत्पाद आयुक्त के नेतृत्व में बीते रात पदमा थाना क्षेत्र के करमटांड स्थित मां विंध्यवासिनी बी एड कॉलेज के पीछे से दो कंटेनर ( वाहन ) यू पी 21 सी इन 3039 व यू पी 32 जे 5121 को जप्त किया जिसमे मैक डॉवल



नंबर 1 ब्रांड की 375 एम एल की करीब 500 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद किया है जिसका अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताया जा रहा है। कारवाई के बारे में पूछे जाने पर उत्पाद सहायक आयुक्त शिवकुमार साहू ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी की पदमा थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बड़ी खेप कंटेनर में भर कर आया है सूचना पर टीम गठित कर कारवाई किया गया। कारवाई के लिए टीम को आते देख तस्करी में शामिल लोग रात्रि का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हुए वहीं पदमा थाना क्षेत्र निवासी विनोद मेहता को पकड़ा गया घटना स्थल पर बरामद बड़े कंटेनर से छोटे कंटेनर में शराब को शिफ्ट किया जा रहा था आगे उन्होंने बताया कि यह शराब चंडीगढ़ से आया था जिसे बिहार भेजने की तैयारी की जा रही थी तस्करों के बारे में पूछे जाने पर साहू ने कहा कि पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की गई है। अवैध शराब तस्करी का मास्टर माइंड राजस्थान के बाड़मेर निवासी रामसुमेर है वही यह शराब बिहार के पटना निवासी अमित सिंह के पास जाने वाला था । गौरतलब हो कि शराब तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर के अंदर एक बॉक्सनुमा कंटेनर बना था जिसमे शराब रखा हुआ था वहीं उस कंटेनर को लेज, कुरकुरे, पेय पदार्थ, सहित विभिन्न ब्रांड के नमकीन से ढक दिया गया था छापामारी के दौरान पकड़े गए विनोद मेहता को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बारे के प्रसाद ने कहा कि बिहार में शराब बंदी के बाद से तस्कर शराब तस्करी के नई नई तरकीब निकालते रहते हैं और गलत तरीके से धन उपार्जन के चक्कर में गैरकानूनी कार्य करने लगते हैं जो उनके लिए सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक सभी रूप से नुकसानदायक है ।उन्होंने अवैध रूप से काम करने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुख्यधारा से जुड़ कर अच्छे कार्य करें। छापामारी दल में अवर उत्पाद निरीक्षक सुमितेश कुमार, भुनेश्वर कुमार, होमगार्ड के जवान, उत्पाद विभाग के कर्मी व उत्पाद विभाग के प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी शामिल थे।

## दारू प्रखंड स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में चिरुवा बना विजेता और इरगा उपविजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा टोनी जैन के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन शानदार रहा। इस टूर्नामेंट में पंचायत स्तरीय जितनी भी टीम थी, सभी टीम ने शानदार खेल दिखाए। खिलाड़ियों के अंदर खेल के प्रति जबरदस्त उत्साह है। वह खिलाड़ी जिला टीम और प्रदेश टीम के साथ-साथ देश के टीम का भी नेतृत्व कर सकते हैं और भारतवर्ष का नाम वॉलीबॉल में दुनिया में फहरा सकते हैं। बस खिलाड़ियों को थोड़ी प्रोत्साहन की जरूरत है और नियमित रूप से वह अभ्यास कर सके। इसके लिए जिला वॉलीबॉल संघ खिलाड़ियों पर ध्यान दे सकता है, मैं खिलाड़ियों की भविष्य के लिए और अच्छा खेल सके इसके लिए लगातार प्रयासरत रहूंगा। इस



प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में आठ पंचायत की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच चीरुवा बनाम इरगा के बीच खेला गया, मैच के पहले दो राउंड में दोनों टीमें बराबर थी, मैच के तीसरे फाइनल राउंड में चीरुवा ने इरगा को 25-18 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया मैच के मुख्य अतिथि टोनी जैन ने विजेता टीम के कप्तान दीपक कुमार और उपविजेता टीम के कप्तान आशिक खान को शील्ड तथा नगद राशि तथा मेडल देकर पुरस्कृत किया। शेष भाग लेने वाली 6 टीमों को भी वॉलीबॉल तथा नेट और मेडल देकर सम्मान किया।

## सनराइज एकेडमी के संचालक पर लगे आरोप के बाद विद्यालय संघ ने की निष्पक्ष जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : सनराइज एकेडमी संचालक पर लगे आरोप और उसके बाद हुई घटनाओं पर निजी विद्यालय संघ बरही ने बरही एसडीओ, एसडीपीओ को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। निजी विद्यालय संघ ने बताया कि सनराइज एकेडमी करियातपुर बरही के संचालक सुरेश साव पर 2 सितंबर 2024 को एक छात्रा द्वारा छेड़खानी का आरोप लगाया गया। यह घटना 29 अगस्त की बताई जा रही है। तीन दिनों तक छात्रा के अभिभावकों द्वारा प्रशासन के पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई, बल्कि गैर-कानूनी तरीके से भीड़ बनाकर संचालक के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और अभद्रता की गई। निजी विद्यालय संघ बरही ने इस मामले में प्रशासन



से निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि जब तक आरोप साबित न हो, तब तक स्कूल संचालक को गिरफ्तार नहीं किया जाए। संघ ने स्कूल में पढ़ाई-लिखाई की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करने और स्कूल, संचालक, उनके परिवार और कर्मचारियों को कड़ी सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की है। संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने बताया कि यदि आरोप सत्य साबित होते हैं तो संचालक पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की शर्मसार करने वाली घटनाएं न हों। घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए निजी विद्यालय संघ बरही के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि निजी विद्यालय संघ बरही अभिभावकों, उनके बच्चों, स्कूल संचालक और उससे जुड़े सभी लोगों के न्याय के लिए खड़ा है।

## संवेदक संघ ने संजीव बेदिया को सौंपा मांग पत्र, नियमों में सुधार का किया आग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : निविदा की न्यूनतम अधिसीमा पूर्व की भाति को दस प्रतिशत करने एवं निंविदा को छोटे-छोटे ग्रुप में निकालने के संबंध में संवेदकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया को एक पत्र सौंपा । पत्र के माध्यम से बताया कि निविदा की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त कर दिया गया है। जिसके कारण संवेदक बेरोजगारी एवं मजबूरी में न्यूनतम अधिसीमा से काफी अधिक दर पर निविदा स्वीकृत करवाते है लेकिन कार्य गुणवता पूर्वक नहीं होने के साथ ही साथ बाधित रहता है क्योंकि जिस दर पर वे कार्य लेते है उस दर पर गुणवता पूर्वक कार्य करना किसी भी स्थिति में संभव नहीं है।ग्रामीण



विकास विभाग के द्वारा जो भी सड़क की निविदा निकाली जा रही है वह सारी निविदा की राशि दस करोड़ रुपए से अधिक रहती है। एक ही निविदा में पाँच से दस सड़को को जोड़ दिया जाता है, जिस कारण छोटे एवं स्थानीय संवेदक उस निविदा में भाग लेने से वंचित हो जा रहे है । न तो स्थानीय संवेदक के पास निविदा में भाग लेने के लिए उपयुक्त राशि होती है न ही उस निविदा में भाग लेने का कागजात ही हैं। परिणाम स्वरूप इस तरह की सभी निविदा में बाहरी एवं बड़े संवेदको का कब्जा होता है। निविदा उनके नाम से आवंटन होने के वाबजूद अभी तक कई जगहो में कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है जिसके कारण विकास का कार्य बाधित 'हो रहा है। वहीं आग्रह किया कि निविदा की अधिकतम अधिसीमा को पूर्व की भाँति दस प्रतिशत करने जिसका उल्लेख झारखण्ड पब्लिक वर्क डिपाटमेंट कोड के 163 (क) में भी है एवं निविदा को छोटे- छोटे ग्रुप में निकाला जाय ताकि स्थानीय संवेदको को काम मिल सके।

## चौपारण थाना की बड़ी कारवाई अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : एनजीटी लागू होने के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में चौपारण पुलिस द्वारा लगातार बालू तस्करो के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। लेकिन उसके बाद भी अवैध बालू तस्करी पर रोक नहीं लग पा रहा है। प्रखण्ड के कुछ



क्षेत्रों में गुप्त तरीके से बालू की तस्करी की सूचना पुलिस को मिलने पर त्वरित कारवाई भी की जा रही है। मंगलवार को भी प्रखण्ड के सिंघरावा से चौपारण पुलिस ने अवैध तरीके से बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जप्त किया एवं केस नंबर 320/24 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि प्रखण्ड में इटखोरी, मयूरहण्ड औ? बिहार के बाराचट्टी सहित कई अन्य क्षेत्रों से बालू की तस्करी हो रही है। जिनके पास न तो कोई परमिट होता है और न ही लाइसेंस। बतादें कि बालू के रेट मे ज्यादा मूल्य वृद्धि के कारण अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा वैसे लाभुकों को निःशुल्क बालू आपूर्ति की घोषणा की गई है। लेकिन अबतक किसी भी लाभुकों को निःशुल्क बालू नहीं मिल पाया है।

# घर बना श्मशान, नवविवाहिता मृतिका के परिजनों ने शव का ससुराल के आंगन में किया अंतिम संस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही थाना क्षेत्र के मलकोको पंचायत के चतरो गांव में मंगलवार को एक बेहद सनसनीखेज और अजीबोगरीब घटना सामने आई है। एक नवविवाहिता की निर्मम हत्या के बाद आक्रोशित मायके वालों ने ससुराल के आंगन को ही श्मशान बना दिया। आम तौर पर जहां अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट का चयन किया जाता है। इस बार आक्रोशित मायके वालों ने विवाहिता के शव को ससुराल के घर के आंगन में ही जला दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे की है। मायके



वालों का आरोप था कि नवविवाहिता की निर्मम रूप जलाकर हत्या कर दी गई है, जिसके बाद उन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ ससुराल पहुंचकर वहां जमकर बवाल काटा। आक्रोशित भीड़ ने विवाहिता के शव को ससुराल के आंगन में रखकर अंतिम संस्कार किया और वहीं अग्नि दी। घटना के बाद माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी लोग वहां से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग एसपी को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाकर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। शव के अंतिम संस्कार को लेकर हुए इस विवाद में लोगों ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे गांव के दर्जनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। हालांकि इंस्पेक्टर आभास कुमार, एसआई सुशील कुमार, नरेंद्र पाण्डेय, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव और मुखिया विजय यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश की। ज्ञात हो कि सोमवार सुबह जगदीशपुर निवासी जगदीश यादव की पुत्री प्रीति कुमारी का शव चतरो गांव के नवनिर्मित कुएं से बरामद किया गया था। प्रीति कुमारी का विवाह चार माह पूर्व ही चतरो निवासी केशो महतो के पुत्र अजीत यादव से हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। शव निकालने के बाद संदेहास्पद स्थिति में शव को जला पाकर मायके वाले काफी आक्रोशित हो उठे। उन्होंने ससुराल वालों पर प्रीति कुमारी की निर्मम तरीके से जलाकर मारने एवं लाश छिपा कर रखने का आरोप लगाया। इस संबंध में मृतिका के पिता ने सोमवार को दहेज मामले में पुत्री की निर्मम तरीके से हत्या को लेकर बरही थाना मे आवेदन देकर 11 लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है और स्थिति को नियंत्रण में जुटी है।

संक्षिप्त खबरें

## प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद कुशवाहा ने मृतक हसनैन के परिजनों से की मुलाकात



**हजारीबाग** : कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत पेलावल थाना क्षेत्र के खुटरा गांव में बीते दिनों दिल को दहला देने वाली हृदय विदारक घटना घटी। जिसमें बिजली का करंट लगने से कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा गांव निवासी हसनैन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और उसकी जान बचाने के दौरान मृतक हसनैन की भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के वक्त हसनैन अपने खेत में काम कर रहा था। खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार टूटकर जमीन पर गिर गई थी, जिससे हसनैन अनजान था और अचानक वह बिजली के प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। हसनैन को बेहोश देखकर उसकी भाभी तुरंत उसकी मदद के लिए दौड़ी, लेकिन उसे उठाने की कोशिश के दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। विनोद कुमार कुशवाहा ने शोकाका परिवार के परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। और हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा भी जताया। उन्होंने बिजली विभाग के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण एक गरीब की दर्दनाक मौत हुई है कहा कि मृतक हसनैन बेहद गरीबी की हालत में जीवन व्यतीत कर रहे थे किसी तरह खेती किसानी कर अपना जीविकोपार्जन करते थे हसनैन के मृत्यु हो जाने से परिवार को काफी क्षति हुई है उन्होंने इस सिलसिले में हजारीबाग उपायुक्त से मृतक के परिजनों को किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और 5 लाख मुआवजा राशि की मांग किया है। इस मौके पर अनवार उल हक, समीम, मुकीम, अजमत मलिक, सागर, रमाकांत सिंह, आफताब आलम जी कमरू जमां, बदरुद्दीन शेख, शाहजहां, प्रवेश कुमार, प्रेम राम, मौलाना शाहिद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित उपस्थित थे।

## युवक की गुमशुदगी मामले में परिजनों ने एसपी से लगायी गुहार

**बरही** : बरही थाना क्षेत्र के मल्लाह टोली में रहने वाले विश्वनाथ माली ने अपने बड़े भाई हरि माली की गुमशुदगी की जानकारी दी है। घटना शुक्रवार, 30 अगस्त 2024 की सुबह करीब 6:15 बजे की है जब विश्वनाथ माली को कोचिंग जाते समय पता चला कि उनका बड़ा भाई हरि माली लापता हो गया है। घबराहट में उन्होंने अपने छोटे भाई दीपक माली को इस बारे में



जानकारी दी और दोनों भाइयों ने मिलकर हरि माली की तलाश शुरू की। हालांकि, रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों से पूछताछ के बावजूद हरि माली का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, निराश होकर दोनों भाइयों ने हजारीबाग पुलिस कप्तान और पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग के पास हरि माली की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस से मामले की जल्द जांच और हरि माली की तलाश करने की मांग की गई है। परिवार ने दैनिक अखबार के माध्यम से 9939664404 मोबाइल नंबर साझा करते हुए सूचना देने वाले को 5100 रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

## चंगाई सभा से प्रेरित होकर ईसाई धर्म अपनाने वाले 120 लोगों ने की घर वापसी



**हजारीबाग** : इचाक प्रखंड के बरकाखुर्द शिव मंदिर में आयोजित घर वापसी कार्यक्रम में 67 परिवारों के 120 लोगों ने घर वापसी की । सभी लोग चंगाई सभा में बीमारी ठीक करने और परेशानी के साथ साथ भूत भगाने के भ्रम में पड़कर इसाई धर्म अपना लिए थे। विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री देवी सिंह, अध्यक्ष और जिला संघ चालक आरएसएस श्रद्धानंद सिंह, इचाक पूर्वी जिला परिषद रेणु देवी, मुखिया सीता देवी, ग्राहक पंचायत के अरविंद राणा, अरविंद मेहता, सहित स्थानीय प्रतिनिधि तथा ग्राम वासियों ने पैर धोकर घर वापसी कराया। इससे पूर्व शिव मंदिर प्रांगण में आर्ष कन्या गुरुकूल की बेटियों द्वारा हवन शुद्धी यज्ञ कराया गया और गायत्री परिवार के आचार्यो ने पूजन कराकर आयोजन को संपन्न कराया। इस दौरान सभी का जनेऊ भी कराया गया। ज्ञात हो कि रविवार को आयोजित महापंचायत में 20 परिवार के लोगों ने घर वापसी का घोषणा किया था । परंतु मंगलवार को यह संख्या 20 से 67 हो गई। कुल 120 लोगों ने हिंदू धर्म को अपनाया। इनमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं की थी । बताया कि उन्हें पहले सत्संग के नाम पर बुलाया गया और फिर शिव चर्चा के बहाने येशु चर्चा कर भ्रमित किया गया। इस दौरान कई महिलाओं ने बताया कि पदमा प्रखंड के अडार गांव में शिव कुमार यादव झाड़ फुंक करने के बहाने सभी को प्रशिक्षत करता है। उन्हीं के कहने पर वे लोग भी इसमें शामिल हुए थे और इसके लिए पैसे दिए गए थे। जिला परिषद प्रतिनिधि अशोक मेहता और उसकी टीम के अगुवाई में घर वापसी अभियान चलाया गया था। घर वापसी करने वाले लोग रविदास मेहता और भुईंया समाज से जुड़े लोग हैं। आचार्य पुष्पा शास्त्री के नेतृत्व में हवन कराया। मौके पर अमरदीप यादव, समरसता के पीकू यादव, अरुण कुमार, ओम प्रकाश मेहता, बीरेंद्र मेहता, शंभु कुमार, इंद्रदेव मेहता, कौशलनाथ मेहता जगदीश मेहता सहित अन्य लोग थे।

## आशीष कुमार साव बने स्वच्छ भारत अभियान के जिला मीडिया प्रभारी

**हजारीबाग** : स्वच्छ भारत अभियान का हजारीबाग जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आशीष कुमार साव पिता द्वारिका साव ग्राम चेपाखुर्द प्रखंड बड़कागांव जिला हजारीबाग को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी इस उपलब्धि के बाद उनके चाहने वालों का बधाईयां देने का सिलसिला शुरू हो गया है। मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव ने कहा कि मैं अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा। बधाई देने वाले मे से पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष कैलाश साव,जगदीश प्रसाद, केदार प्रसाद, मनोज कुमार यादव, पंकज कश्यप, सकलदेव साव, अशोक साव, बैजनाथ साव, अनुज यादव, सतीश पासवान, प्रकाश कुमार, अशोक प्रसाद, बिनोद साव इत्यादि लोगो ने दी बधाई।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • बुधवार • 04.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 46 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### कांग्रेस नेता से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

**रांची :** रांची के जगन्नाथपुर थाने में कांग्रेस नेता ईश्वर आनंद से अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के नाम पर एक करोड़ रुपया की रंगदारी मांगने को लेकर मंगलवार को एफआईआर दर्ज कराया गया है। ईश्वर आनंद कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं, पेशे से बिल्डर हैं। उनसे फोन के जरिये कॉल करके रंगदारी मांगी गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि लगातार व्यवसायियों और जमीन कारोबारियों से रांची में रंगदारी मांगी जा रही है।

### आज बंद रहेंगे रांची के अधिकतर स्कूल मंईयां सम्मान योजना के लिए मांगी गयीं बसें

**रांची :** मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों लाने और ले जाने के लिए रांची डीटीओ ने स्कूलों से बस उपलब्ध कराने को कहा है। इस कारण राजधानी के अधिकतर स्कूलों के कल बंद रहने की संभावना है। बता दें कि आज 4 सितंबर को द छोटानागपुर की बहनों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ रांची में दिया जाना है। परिवहन विभाग की ओर से कहा गया है कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में रांची जिला के विभिन्न प्रखण्डों से लाभुको को लाने एवं ले जाने हेतु कुल 2000 वाहनों की आवश्यकता है। स्कूलों को बसों को उपलब्ध कराते हुए इसकी सूची जिला परिवहन कार्यालय, रांची में देने के लिए कहा गया है।

### तीनों सेनाओं के पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन की अगुवाई करेंगे रक्षा मंत्री

**नयी दिल्ली :** देश की सुरक्षा चुनौतियों और भावी युद्ध पर चर्चा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में 4-5 सितंबर को लखनऊ स्थित मध्य कमान मुख्यालय में तीनों सेनाओं का पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन होगा। 'सशक्त और सुरक्षित भारत' थीम पर होने वाले इस सम्मेलन में सेनाओं के प्रक्रियागत सुधार, संयुक्तता और आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशस्त्र बलों में बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सभी सैन्य कमांडरों के साथ एक ही स्थान पर सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा के लिए रक्षा मंत्री स्तर की यह नई पहल है।

### हेमन्त सोरेन ने दिल्ली में किया नये झारखण्ड भवन का उद्घाटन

# झारखंड भवन सरकार और उसके प्रयासों का प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पूरे देश की राजधानी है यहां से देश के विभिन्न प्रदेशों, केंद्र शासित प्रदेशों आदि का क्रियान्वयन किया जाता है। दिल्ली का मुख्य केंद्र बिंदु कनॉट प्लेस है, जिसको ब्रिटिश राज के समय से ही देश का दिल कहा जाता है । झारखंड सरकार की पहल थी कि इस स्थान पर झारखंड का अपना अस्तित्व, कार्यालय या उपलब्धता रहे। विदित हो कि पहले से झारखण्ड सरकार का भवन दिल्ली के बसंत विहार में स्थित है। कनॉट प्लेस केंद्र होने के कारण सबसे लोकप्रिय माना जाता है। जहां पर आज झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने न्यू झारखण्ड भवन का उद्घाटन किया। बंगला साहिब रोड स्थित नए भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा किया गया है।



नये झारखंड भवन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह भवन बहुत दिनों से प्रतीक्षारत था। आज इसका उद्घाटन हमारे लिए गौरवान्वित होने की बात है। हमारी इस नई इमारत में नई अत्याधुनिक तकनीकी जिसमें जिम, डाइनिंग हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और पार्किंग की विशिष्ट सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। हमारी इमारत विशिष्ट तकनीक से सुसज्जित है। जिसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एनर्जी एफिशिएंसी का भी विशेष ध्यान रखा गया है। कनॉट प्लेस में अवस्थित होना और रेलवे, बस स्टॉप, मेट्रो, हॉस्पिटल आदि से नजदीकी इसे और भी प्रभावशाली बनाती है। इसके शुरू होने से झारखण्ड के निवासियों के लिए आसानी रहेगी। यह इमारत भविष्य में झारखंड सरकार और उसके प्रयासों का देश की राजधानी में एक प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरावं, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री रामदास सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपक बिरवा, विधायक कल्पना सोरेन,विधायक उमाशंकर अकेला, कालीचरण मुंडा सांसद लोकसभा, महुआ मांझी सांसद राज्यसभा, धीरज साहू भूतपूर्व राज्य सभा सदस्य, सुबोधकांत सहाय भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री, मुख्य सचिव झारखण्ड एल खियांग्ते, अलका तिवारी सचिव भारत सरकार, अपर मुख्य सचिव\मुख्य स्थानिक आयुक्त अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सलाहकार विमल घोष, झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव सुनील कुमार, झारखण्ड सरकार के सचिव मनोज कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल, मुख्य प्रशासिक पदाधिकारी झारखण्ड भवन शहंशाह अली खान आदि विशिष्ट लोग उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में झारखण्ड के लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति भी की गई/ जिसमें उरांव आदिवासी नृत्य, मुण्डा आदिवासी नृत्य, हो आदिवासी नृत्य, संथाली आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

## राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी उनके साथ थीं।

इस मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बहुत दिन से राहुल गांधी से और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करनी थी लेकिन समय नहीं मिल रहा था। आज हमें समय मिला तो हमने उनसे एक शिष्टाचार मुलाकात की। जब उनसे पूछा गया कि चुनाव को लेकर कुछ चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि अब होगी। जब सीएम हेमंत से पूछा गया कि जातीय जनगणना को लेकर वह क्या कहेंगे। क्योंकि, आरएसएस का बयान आया है। इस पर हेमंत सोरेन ने कहा कि वो लोग तो बयान देंगे ही। उनको बयान देने दीजिए। हमें अपना काम करने दीजिए। बाकी सब कुशल मंगल है। शांतिपूर्ण है। आगे मजबूती के साथ हमलोग सरकार चलाएं और चुनाव भी लड़ें, इसकी रूपरेखा तैयार की गई।

### रक्षा मंत्रालय ने 1.45 लाख करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने स्थानीय रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देते हुए मंगलवार को भारतीय सेना के टैंकों बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 1,44,716 करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। मंत्रालय ने बताया कि कुल लागत का 99 प्रतिशत हिस्सा खरीदें (भारतीय) और खरीदें (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये, विकसित और निर्मित) श्रेणियों के तहत स्वदेशी स्रोतों से है।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, नौ नक्सली ढेर



एजेंसी

**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के पुरंगेल वनक्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 09 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए सभी 09 नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्चिंग ऑपरेशन जारी है।

दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मुताबिक जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में बैलाडीला पहाड़ी की तलहटी में पश्चिम बस्तर डिवीजन के 30-35 नक्सलियों की उपस्थिति की गुप्त सूचना के बाद लोहा गांव की तरफ से डीआरजी, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ यंग प्लाटून, सीआरपीएफ 111वीं बटालियन की अलग-अलग टुकड़ियों को सोमवार रात को सर्चिंग पर रवाना किया गया था। मंगलवार सुबह पुरंगेल वनक्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को आता देख उन पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी इसका जवाब दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में 09 नक्सली मारे गए।

सभी 9 नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। इसके अलावा मौके से एसएलआर, 303 राइफल, 315 बोर बंदूक समेत विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। पुलिस अधीक्षक राय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैलाडीला की पहाड़ियों के नीचे पुरंगेल, लोहा गांव की तरफ बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। जवान जब नक्सलियों के कोर इलाके में घुसे तो नक्सलियों ने आज सुबह करीब 6 बजे फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की, जिसमें 9 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। सर्च आपरेशन जारी है। विस्तृत जानकारी सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद मिलेगी।

## हेमन्त सोरेन आज पांच जिलों की महिला लाभुकों को देंगे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सौगात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को रांची के नामकुम में पांच जिलों की महिला लाभुकों को सौगात देंगे। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि वितरण के लिए प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई है। आला अधिकारियों ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल नामकुम खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

इसी क्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्शी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा कार्यक्रम स्थल पहुंचे और कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त, एसपी व अन्य

प्रमंडलस्तरीय कार्यक्रम में पांच जिलों के लाभुक शामिल होंगे। इनमें रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा शामिल हैं। कार्यक्रम स्थल ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली नामकुम में तीन लाख वर्ग फीट में लाभुकों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक निर्धारित है। प्रमंडल के पांचों जिले से आनेवाली लाभुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम स्थल में अलग-अलग जिले के लिए इन्क्लोजर बनाये गये हैं, जहां संबंधित जिले के अधिकारीगण, सेविका-सहायिका एवं सखी मंडल की दीदियों के निर्देश में लाभुक अपना निर्धारित स्थान ग्रहण करेंगे। हर इन्क्लोजर में लाभुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था होगी। भोजन, पार्किंग, मीडिया आदि के लिए व्यवस्था को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम स्थल पर तीन गेट बनाये गये हैं, जहां से लाभुक प्रवेश करेंगे। हर गेट पर मेटल डिटेक्टर से प्रवेश करने वालों की जांच की जायेगी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से सौ से ज्यादा दंडाधिकारी एवं दो हजार से ज्यादा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। रांची जिले के विभिन्न प्रखण्डों एवं अन्य जिलों से लाभुकों को लेकर आने वाली बसों के लिए रूट निर्धारित किया गया है। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने आगंतुकों से रिंग रोड होकर आने को कहा गया है ताकि शहर में किसी तरह का जाम नहीं लगे।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि वितरण के लिए प्रमण्डल स्तरीय कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उपायुक्त के जरिये प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

## पश्चिम बंगाल विस में एंटी रेप बिल पास, भाजपा ने किया समर्थन, तत्काल लागू करने की गारंटी की मांग

एजेंसी

**कोलाकाता :** पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने मंगलवार यानी आज कोलकाता के आरजी कर रेप-मर्डर केस को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार बंगाल विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान एंटी रेप बिल लाने का प्रस्ताव रखा। पश्चिम बंगाल सरकार ने इसे अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक, (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 नाम दिया है। एंटी रेप बिल पर ममता सरकार को बीजेपी का समर्थन मिल गया है। साथ ही बीजेपी ने विधेयक तुरंत लागू करने की डिमांड भी की।




पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने सत्र के दौरान सदन में कहा कि म आपका पूरा समर्थन करते हैं, हम मुख्यमंत्री का वक्तव्य आराम से सुनेंगे, वह जो चाहें कह सकती हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने एक शर्त भी रखी है।

सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि हम इस कानून का तत्काल क्रियान्वयन चाहते हैं, यह आपकी यानी राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हम परिणाम चाहते हैं, यह सरकार की जिम्मेदारी है। हम कोई विभाजन नहीं चाहते, हम आपका पूरा समर्थन करते हैं, हम मुख्यमंत्री का वक्तव्य आराम से सुनेंगे, वह जो चाहें कह सकती हैं लेकिन आपको यह गारंटी देनी होगी कि यह विधेयक तुरंत लागू होगा।

### क्या है एंटी रेप बिल

एंटी रेप बिल दुष्कर्म के दोषियों को मृत्युदंड के प्रावधान संबंधी नया विधेयक है। इसमें दुष्कर्म के दोषियों को 10 दिन में मौत की सजा देने का प्रावधान प्रस्तावित है। जिसे उट ममता बनर्जी की टिप्पणी के बाद राज्य कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है।

### संदीप घोष आठ दिनों की सीबीआई हिरासत में

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को मंगलवार को अदालत में पेश किए जाने के दौरान अलीपुर अदालत परिसर में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। सोमवार रात को गिरफ्तारी के बाद, मंगलवार दोपहर सीबीआई उन्हें निजाम पैलेस से अदालत लेकर आई। कोर्ट ने संदीप घोष को आठ दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश दिया। अदालत की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद संदीप को अदालत से बाहर निकालते ही हंगामा शुरू हो गया। चोर-चोर के नारे लगाते हुए एक समूह संदीप की ओर बढ़ा और हंगामा शुरू हो गया। इसी बीच किसी ने पीछे से संदीप के सिर पर थप्पड़ जड़ दिया। हालांकि, यह थप्पड़ किसने मारा, यह भीड़ के बीच में पता नहीं चल पाया। इसके बाद पुलिस और केंद्रीय बल ने स्थिति को तेजी से काबू में किया और सीबीआई अधिकारी संदीप को लेकर वाहन में सवार होकर फिर से निजाम पैलेस ले गए। आरजी कर कांड के बाद से ही संदीप घोष की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद उन्हें नेशनल मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल नियुक्त कर दिया गया था। हालांकि, छात्रों के विरोध के कारण वे वहां प्रवेश नहीं कर सके, और अंतत: राज्य सरकार को नियुक्ति रद करनी पड़ी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रुनेई में भारतीय उच्चायोग के नए चांसरी परिसर का किया उद्घाटन



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** धानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रुनेई और सिंगापुर की तीन दिन की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को यहां पहुंचे। उनके ब्रुनेई दारुस्सलाम पहुंचने पर ब्रुनेई के युवराज हाजी अल मोहतादी बिलाह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने ब्रुनेई दारुस्सलाम में भारतीय उच्चायोग के नए चांसरी परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित किया और पट्टिका का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन समारोह में मौजूद भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु के रूप में उनके योगदान और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की सराहना की।

ब्रुनेई में भारतीयों के आने का पहला चरण 1920 के दशक में तेल की खोज के साथ शुरू हुआ। वर्तमान में, लगभग 14,000 भारतीय ब्रुनेई में रह रहे हैं। ब्रुनेई के स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्रों के विकास और विकास में भारतीय डॉक्टरों और शिक्षकों के योगदान को अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है।

चांसरी परिसर भारतीयता की गहरी भावना को दर्शाता है, जिसमें पारंपरिक रूपांकनों और हरे-भरे वृक्षारोपण को कुशलता से एकीकृत किया गया है। सुरुचिपूर्ण क्लैडिंग और टिकाऊ कोटा पत्थरों का उपयोग इसके सौंदर्य आकर्षण को और बढ़ाता है, जो क्लासिक और समकालीन तत्वों का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण है। यह डिजाइन न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धांजलि देता है, बल्कि एक शांत और आकर्षक वातावरण भी बनाता है।

**एक नजर**

## आजसू ने आर के कोल माइंस के प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद :** आज आर के कोल माइंस सालनपुर व महाप्रबंधक एरिया चार में गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के मांग पत्र को आजसू पार्टी बाघमारा प्रभारी सुभाष रवानी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो संयुक्त रूप से आर के कोल माइंस के प्रबंधक एवं बीसीसीएल एरिया चार एपीएम को ज्ञापन सौंपा। विस्थापित एवं ग्रामीणों को आर के कोल माइंस में जल्द से जल्द रोजगार दे अन्यथा 15 दिन के अंदर उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सतीश महतो,सागर महतो, सोनू कुंभकार, टिकू महतो,, मोनू चौहान, उत्तम बाउरी ,राहुल बाउरी, राजू चौहान हेमंत महतो, विशाल महतो अर्जुन भुईया, पप्पू सिंह, रोशन पासवान, जय लाल महतो, सत्यजीत महतो, अमित बाउरी, पप्पू प्रमाणिक छोटू दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीएचसी में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान शुरू

**बोकारो :** कसमार सीएचसी में मंगलवार को वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। प्रखंड प्रमुख नियोति डे, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल्ल महतो, गर्री पंसस वर्षा देवी व डॉ पवन कुमार ने अभियान शुभारंभ किया। प्रमुख नियोति डे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान से यक्षमा रोग नियंत्रण में काफी सहूलियत होगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल महतो ने कहा कि पांच वर्ष पहले तक टीबी का उपचार ले चुके व तीन साल तक टीबी रोगी के संपर्क में रहनेवाले, धूम्रपान करने वाले, कुपोषण व मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति व 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी को टीका लगाया जाएगा। इसके लिए उक्त व्यक्ति की सहमति ली जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर, गर्भवती, स्तनपान कराने वाली महिला, एचआईवी पीड़ित, बीमार व्यक्ति, तीन महीने के अंदर रक्तदान करने वाले व सहमति नहीं देने वाले व्यक्ति को टीका नहीं लगाया जाएगा। मौके पर डॉ मानस कुमार, डॉ तनवीर फातमा, चिकित्साकर्मी संतोष महतो, शैलेश कुमार ठाकुर, धर्मनाथ महतो, संजय कुमार, अविनाश रंजन, आनंद नायक, नयनेन्दू मुखर्जी, मुरारी कुमार, रेणु सिंह व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान, दो ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो :** सोमवार को उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला खनन पधाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें बालीडीह थाना के सामने मुख्य पथ पर बिना माइनिंग चालान के परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जिसे खनन टीम ने जप्त करते हुए बालीडीह थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया। खनन टीम ने बालीडीह थाना एवं जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य सड़क पर कई वाहनों की जांच की। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

# स्वदेशी जागरण मंच ने स्वावलंबन और स्वरोजगार के लिए युवाओं को किया प्रेरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सेक्टर 3 स्थित परम पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 सी के विद्यार्थियों के बीच स्वावलंबन के विषय पर चर्चा और बच्चों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित किया गया क इसकी अध्यक्षता मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्या भारती के प्रांतीय सचिव एवं विद्या भारती संस्कृति ज्ञान मंदिर के सचिव सिद्धेश नारायण दास ने कहा की विद्यार्थियों को मैट्रिक पास करने के बाद से ही स्वरोजगार की राह पर चलना चाहिए। चाहे वो छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाएं या फिर कोई तकनीकी विद्या ले कर पार्ट टाइम कार्य कर कुछ पैसे कमाने की कला को सीख सकते हैं। ऐसा करने से वे भविष्य में होने वाली उच्च शिक्षा में कुछ मदद भी हो जाएगी और ज्ञान भी बढ़ेगा। क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि विश्व के प्रमुख विकसित देशों की अपने कुछ विशेषताएं हैं । जैसे अमेरिका में बौद्धिक संपदा संरक्षण के साथ-साथ उच्च तकनीक के उत्पाद एवं रिसर्च । इसी तरह चीन के पास कम लागत पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्पाद जापान के पास ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्मनी के पास उत्तम तकनीक आदि आदि विशेषताओं के कारण आज देश विकसित है। भारत 37 करोड़ युवाओं का देश है हमें भी अपनी कुछ प्राथमिकताएं तय करनी होगी तभी हम विकास कर सकेंगे । 2047 का स्वर्णिम भारत हमारे युवाओं का सपना होना चाहिए उसके लिए तकनीकी एवं कौशल विकास में हमें दक्षता प्राप्त करना होगा तभी हम विकसित भारत का कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान समय में जो तकनीकी विकास दिखाई पड रहा है उससे भविष्य में देश सभी को रोजगार नही दे सकता। लेकिन यदि हम स्वरोजगार को अपनाते हैं तो हम अपने साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पूरे देश मे चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान की जानकारी देते हुए सिंह ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी स्वरोजगार के क्षेत्र में अग्रसर स्टार्टअप्स एवं व्यवसायियों को मंच सम्मानित कर उनकी जीवनी विद्यार्थियों के बीच पहुंचा रहा है ताकि उनकी मानसिकता नौकरी लेने वाला के बजाय नौकरी देने वाला हो सके। इस परिवर्तन से ही हम देश को आर्थिक रूप से मजबूत और स्वावलंबी बना सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा बच्चों में अभी से ही उपार्जन करने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता है आज बहुत ही कम उम्र में लोगों ने बड़ी-बड़ी कंपनिया चल कर अपने आप को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है हम सभी को उससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है इस विद्यालय के कई बच्चे सफल उद्यमी बनाकर के उभरे हैं उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर गोफ-दरारों से दहशत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर बनियाहीर 4 नंबर में सोमवार की रात एक बार फिर गोफ बन गया। गोफ से लगातार गैस का रिसाव हो रहा है। वहां जमीन धंस गई है और सड़क पर जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा को देखते हुए उक्त स्थल पर बेरिकेडिंग कर दी है। मुख्य मार्ग पर लगातार गोफ की घटना से लोगों में भय का माहौल है। वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद बीसीसीएल के अधिकारी मंगलवार को जेसीबी लेकर पहुंचे और मिट्टी डालकर गोफ की भराई में जुट गए। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध कर दिया। पूर्व विधायक प्रीतिनिध अखिलेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर सेफ्टी मैनेजर रत्नेश राय से बात की। अखिलेश सिंह ने कहा कि मिट्टी भराई से फिलहाल तो गैस रिसाव बंद हो जाएगा, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होगा। फिर कहीं और गैस रिसाव शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोफ भराई में बीसीसीएल सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इससे दुबारा फुलारीबाग जैसी घटना घट सकती है। बीसीसीएल ने अगर बोर होल कर नाइट्रोजन की फॉगिंग के बाद भराई की होती, तो गैस रिसाव व सड़कों पर दरार की घटनाएं नहीं होतीं। गोफ में मिट्टी की भराई करने का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन से नाइट्रोजन की फॉगिंग कर गोफ भराई करने की मांग की।

## अल इकरा कॉलेज में पुलिस-पब्लिक संवाद 10 को, सुनी जाएंगी समस्याएं : एसएसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** आम लोगों के साथ पुलिस को मधुर संबंध बनाने के झारखंड के अनुराग गुप्ता के निर्देश का असर अब होने लगा है। धनबाद के अल इकरा कॉलेज में 10 सितंबर को पुलिस-पब्लिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और त्वरित निष्पाद का प्रयास भी होगा। यह जानकारी एसएसपी एचपी जनार्दनन ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से या स्वंय मुख्यमंत्री ऑनलाइन जुड़ सकते हैं। इसमें आम लोग अपनी शिकायते दर्ज करवा सकेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को आसानी से दूर करना व पुलिस को पीपुल फ्रेंडली बनाना है। उन्होंने बताया कि बारी-बारी से शहरी और ग्रामीण इलाकों में इस तरह के कैंप लगाए जाएंगे। कैंप में जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। लोग अपनी शिकायतें फिजिकली या सोशल मीडिया के माध्यम से भी दर्ज करा सकेंगे। सोशल मीडिया पर आई शिकायतों की 15 दिनों में जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। लोग वाट्सएप नंबर 9470589467 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत करने पर आपको रिप्लाई भी मिलेगा। एसएसपी ने बताया कि मानव तस्करी, प्रताड़ना, चिटफंड कंपनी, नशाखोरी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य : उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** आज जिला के न्यू टाउन हॉल में नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण उत्सव का समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, वन्य प्रमंडल पदाधिकारी श्री विकास पालीवाल सेमत सिंफर के डायरेक्टर, आईआईटी धनबाद के प्रोफेसर, बीबीएमकेयू के कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने बताया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत धनबाद नगर निगम ने 90 दिनों का पर्यावरण उत्सव मनाया। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुए इस उत्सव कार्यक्रम में जिला में वृहत पैमाने पर पौधारोपण किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बीसीसीएल द्वारा खनन क्षेत्र में बनाये गये इको पार्क में धनबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को भ्रमण कराया गया। इस अवधि में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में पेंटिंग, डिबेट, इंटर स्कूल प्रोजेक्ट मेकिंग, आर्ट इंस्टॉलेशन, हैप्पी स्ट्रीट, नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मॉब सहित कई अन्य प्रतियोगिता करायी गयी।नगर आयुक्त ने बताया कि एयर पॉलियूशन कम करने के दिशा तकनीकी मदद ली जा रही है। कई आधुनिक मशीने खरीदी गई हैं और भी खरीदी किए जा रहे है। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया कि 90 दिनों का यह जो पर्यावरण उत्सव मनाया गया इसके पीछे का मकसद पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है।धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है। जिसको लेकर जिला प्रशासन एवं धनबाद नगर निगम लगातार प्रयास कर रही है। जिसके नतीजे हमें देखने को भी मिले हैं रिपोर्ट्स की बात करें तो धनबाद में पहले की तुलना में प्रदूषण में कमी आई है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले दिनों में हम सभी मिलकर धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाए।नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत आज के इस पर्यावरण उत्सव के कार्यक्रम में 16 स्कूलों से पार्टिसिपेट करने वाले बच्चों ने क्लीन एयर पर अपना अपना मॉडल प्रदर्शित किया। जिसे उपायुक्त द्वारा सराहा भी गया। उपायुक्त ने कहा कि यह बच्चे धनबाद के भविष्य हैं उनकी प्रतिभा और सोच एक दिन अवश्य धनबाद को प्रदूषण मुक्त की ओर ले जाएगी।

## ग्रामीणों ने वार्ता का किया बहिष्कार, अधिग्रहित जमीन का सूची उपलब्ध कराने को कहा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** तेतुलमुड़ी मौजा जोगता के 224 रैयतों के 54 एकड़ 82 डिसमिल जमीन के बदले मुआवजा व पुर्नवास को लेकर सिजुआ क्षेत्र के मुडीडीह कोलियारी में त्रिपशिय वार्ता हुई,वार्ता में पुटकी प्रखंड के आंचल अधिकारी (सी ओ) विकान आनंद ने कहा कि जमीन विवाद को लेकर प्रबंधन ने जल्द ही ग्रामीण रैयतों को सूची उपलब्ध करवाने की बात कही है। साथ ही कहा कि लार के तहत 54 एकड़ 82 डिसमिल जमीन के विवाद को सलटाने के लिये पुटकी अंचल अधिकारी विकास आनंद ने रैयतों को बताया कि सभी कागजात प्राप्त होने के बाद जल्द ही सभी कागजात दुरुस्त हो जाएंगे,उन्होंने कहा किसी का रकबा कम तो किसी का ज्यादा है,ऐसे में किसी भी कार्य मे कुछ समय लगता है।पुराना नया खाता का विवाद भी सुधार करने की बात कही,साथ ही जमीन से सम्बंधित सभी मांग पर कार्य किया जाएगा,वही रैयत ने साफ कहा कि रैयत के मांग पूरा होने के बाद ही 15 अगस्त से बंद कार्य चालू हो सकता है, रैयतों ने कहा कि जब तक प्रबंधन ने रैयतों के लिये क्या कार्य किया है,उसकी विस्तृत जानकारी सभी ग्रामीणों को होनी चाहिये,प्रबंधन ने कहा कि 224 रैयतो के जमीन के मुआवजा सहित अन्य कार्यो के लिये कोयला मंत्रालय से लगभग 298 करोड़ का अप्रूब होने की बात कही। रैयत प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद महतो ने कहा की प्रबंधन जानबूझकर मामले को उलझा कर विवाद पैदा करती है।

**आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# उपायुक्त ने चलकरी में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा मंगलवार को तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चलकरी में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के शिविर में शामिल हुई। उन्होंने शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। शिविर में पहुंचने पर उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने चाहत आजीविका सखी मंडल, मां गायत्री आजीविका सखी मंडल एवं श्री गणेश आजीविका सखी मंडल के सदस्यों के बीच 12 लाख रुपए के चेक का वितरण किया। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, बच्चों को अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, एसएचजी सदस्यों के बीच आइडेंटी कार्ड सहित अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आदिम बिरहोर जनजाति को केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं से अच्छादित करने के लक्ष्य और उन्हें अन्य कई योजनाओं से भी अच्छादित करने के उद्देश्य से चलकरी में शिविर का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि शिविर में सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। लोगों को सभी स्टॉल में जाकर योजना की जानकारी लेकर उसका लाभ लेना चाहिए। इसके बाद उपायुक्त ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित लोगों से उनकी समस्या को सुना, उनके आवेदन लेकर संबंधित पदाधिकारी को उसका समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, माननीय विधायक टुंडी के प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, उप मुखिया सरिता देवी के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शिविर में उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## अंबेडकर नगर में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**धनबाद :** कतरास क्षेत्र के चार नंबर अंबेडकर नगर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन बढ़ाया व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कल्याणी युवा सेवा दल के अध्यक्ष युवा नेता सह समाजसेवी कृष्णा लाला व वार्ड नंबर चार के भावी पार्षद प्रत्यासी सह कल्याणी युवा सेवा दल संस्थापक वंदना सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि वंदना सिन्हा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया साथ ही उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया। टूनार्मेंट के समापन के बाद खिलाड़ियों को विजेता टीम को बड़ा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों के खेल में दिखाए गए जोश और जज्बे की सराहना की और उन्हें कहा की आगे भी ऐसे ही मनोबल के साथ खेलते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जोरदार तालियां बजाई और उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। वंदना सिन्हा का यह कदम दशार्ता है कि वह न केवल एक भावी नेत्री हैं, बल्कि खेल और खिलाड़ियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी अटूट है। उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह टूनार्मेंट स्थानीय खेल प्रतिभाओं को उभारने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ और वंदना सिन्हाके प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों में नया जोश भर दिया।प्रथम पुरस्कार दुग्धा टिम और द्तीय पुरस्कार निरसा टीम के खिलाड़ियों को बधाई दिया और ट्राफी दे कर सम्मानित किया। मौके पर स्वीटी शर्मा, बंटी शर्मा, गीता देवी, राजीव सिंह, रामजी यादव, रामबचन यादव, मोङ्ग जावेद रजा, रौनक सिन्हा, रामा चौहान, भोला भुईया, अमर पासवान, रंजीत रवानी, सोनू खान,धनंजय विश्वकर्मा, आदर्श पासवान, सहित कमिटी सदस्य लोग उपस्थित थे।

## भादो मास अमावस्या पूजा में पहुंचे कल्याणी युवा दल के वंदना सिन्हा व कृष्णा लाला



**धनबाद :** कतरास के प्रसिद्ध मंदिर मां लिलोरी स्थान मुक्ति धाम में भादो मास अमावस्या पूजा के समारोह में कल्याणी युवा समाजसेवी दल के संस्थापक बंदना सिन्हा व अध्यक्ष कृष्णा लाला सयुक्त रूप से पहुंचकर मां तारा देवी का आशीर्वाद लिया। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष आकाश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रसाद का भी ग्रहण किया। साथ ही उपस्थित साधुओं व संत का पैर छू कर आशीर्वाद लिया। मौके पर अमर पासवान, रंजित रवानी, धनंजय विश्वकर्मा, मन्नु चौहान, रौनक सिन्हा, आदर्श पासवान, साहिल खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने बाल विवाह, बाल मजदूरी,बाल तस्करी पर जारी किया पोस्टर




**धनबाद :** झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत से संबंधित जागरूकता को लेकर पोस्टर जारी किया गया। इस संबंध में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने सभी कार्यकताओं को अपने अपने कार्य क्षेत्र में समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों के बीच बाल विवाह रोकथाम का पोस्टर वितरण करने का निर्देश दिया। इस संबंध में संस्थापक श्री रवानी ने बताया कि पूर्व से ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला के 150 गांवो में बाल विवाह, बाल यौन शौषण एवं बाल मजदूरी के खिलाफ सघन कार्य करते आ रही है, अप्रैल 2024 से धनबाद सदर, तोपचांची एवं बाघमारा प्रखण्ड के 50 नए गांवों में सघन कार्य कर रही है। ट्रस्ट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ गांवों में विवाह पंजी, बाल विवाह रोक पर अंडरटेकिंग का कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग भी मिल रहा है, गांव गांव में ट्रस्ट द्वारा सघन रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ग्रामीण महिला पुरूषों को जागरुक किया जा रहा है।

## धनबाद के टीटीई की गलत तरीके से गिरफ्तारी पर ईसीआरकेयू ने कड़ा विरोध जताया



**धनबाद :** ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने राजकीय रेल पुलिस गया के द्वारा धनबाद के टीटीई कि गलत गिरफ्तार करने का कड़ा विरोध जताया यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद टीटीई स्टाफ के साथ मंडल रेल प्रबंधक से मिलकर एक ज्ञापन दिया साथ ही इस पर कार्रवाई की मांग की और साथ ही साथ आने वाले दिन में इस तरह का घटना ना दोहराये इसका भी मांग की गई। ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एन के खवास में बताया कि घटना का जानकारी मिलते ही ईसीआरकेयू के केंद्रीय संगठन सचिव नेताजी सुभाष ने तुरंत केंद्रीय अपार महामंत्री सह पीएनएम इंचार्ज मोहम्मद जियाउद्दीन को सूचना दी और उसके पश्चात ही मंडल रेलवे प्रबंधक को टीटीई के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर आवेदन को सोपा गया। आपको बता दे कि बिना टिकट के सफर करने वाली महिला से टीटीई ने जुमार्ना किया और जीआरपी उस महिला को बाहला फुसलाकर टीटीई के नाम पर शिकायत करने बोली, फिर जीआरपी ने ऑन ड्यूटी टीटीई को गया में उतर कर गिरफ्तार कर लिया।मंडल रेल प्रबंधक धनबाद से मिलने में ईसीआरकेयू और टीटीई के प्रतिनिधि लोग शामिल थे जिसमें नेताजी सुभाष, अजय कुमार तिवारी, एन के खवास, जितेंद्र कुमार साहू,एसके चौधरी सतीश, कुबेर सिंह,एके पांडेय, एसके चौधरी,मुकेश कुमार, अरुण कुमार, डीके सिंह, सुदेश कुमार महतो राहुल श्रीवास्तव,आर पी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### आशीष डे हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे तीन दोषियों को कोर्ट से राहत

**रांची** : जमशेदपुर के चर्चित व्यवसायी और श्रीलेदर्स के मालिक आशीष डे हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे तीन दोषियों को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को जितेंद्र कुमार सिंह, अमलेश कुमार सिंह और विनोद कुमार सिंह की उम्रकैद की सजा निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने उनकी क्रिमिनल अपील पर बीते 13 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि व्यवसायी व श्रीलेदर्स के मालिक अशीष डे की दो नवंबर, 2007 को जमशेदपुर के आमबागान के पास गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले को लेकर व्यवसायी आशीष डे की पत्नी सहित छह लोगों की गवाही हुई थी। जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय ने तीनों आरोपियों जितेंद्र सिंह, अमलेश सिंह और विनोद सिंह को दोषी पाते हुए 17 सितंबर, 2011 को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। निचली अदालत से सुनाये गये सजा के खिलाफ इन तीनों की ओर से हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील याचिका दाखिल की थी, जिसकी सुनवाई 13 अगस्त को पूरी हो गयी थी। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### जेठा कच्छप और सनातन स्वासी को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने खूंटी में मनोज महतो हत्याकांड के सजायाफ्ता पीएलएफआई के जोनल कमांडर जेठा कच्छप और एक अन्य सजायाफ्ता सनातन स्वासी की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील पर फैसला सुनाया। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने मंगलवार को दोनों सजायाफ्ता की अपील को स्वीकृत कर लिया है। साथ ही निचली अदालत द्वारा उन्हें सुनाए गए आजीवन कारावास की सजा के आदेश को निरस्त कर दिया। पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद पूर्व में मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। अपील पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का प्रमुख सदस्य है। आठ अक्टूबर, 2011 को खूंटी बाजार में मनोज महतो की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर खूंटी के थाने में कांड संख्या 64/ 2011 दर्ज की गई थी। खूंटी की निचली अदालत ने मनोज महतो हत्याकांड में 07 मई, 2022 को जेठा कच्छप एवं सनातन स्वासी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ इन्होंने झारखंड हाई कोर्ट में अपील दायर की थी।

### रीड ए थॉन के दौरान बच्चों ने तीस मिनट तक की सामूहिक पढ़ाई

**रांची** : 'रीडिंग कैंपेन' के तहत मंगलवार को राज्य के सभी विद्यालयों में रीड ए थॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अलग अलग विद्यालयों में कम से कम 30 मिनट तक पठन किया। इसमें बच्चों के साथ शिक्षक, समुदाय के सदस्यों ने भी भाग लिया। रीड ए थॉन की थीम 'हर चीज छोड़ें और पढ़ें' रखा गया था। यह रीड ए थॉन झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के द्वारा आईपीईएल, यूनिसेफ एवं रूम टू रीड इंडिया के सहयोग से आयोजित रीडिंग कैंपेन का प्रमुख हिस्सा है। इस दौरान राज्य के हजारों स्कूली बच्चों ने एक साथ अलग अलग स्थानों में एक समय पर पढ़ाई की। यह अभियान आज सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित किया गया। बच्चों ने इस दौरान अपनी मनपसंद पुस्तकों को पढ़ा। इस अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं समुदाय के बीच पठन के स्वाभाव को प्रोत्साहित करना एवं उन्हें नियमित पढ़ने के प्रति प्रेरित करना है।

# उत्पाद सिपाही दौड़ में हुई मौत के लिए हेमंत सरकार जिम्मेदार : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवाने वाले अजय कुमार महतो के परिजनों से उनके ओरमांझी प्रखंड स्थित जिराबार गांव स्थित घर पर मुलाकात की। साथ में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू भी उपस्थित थे।

मरांडी ने असामयिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। परिजनों को ढांढस बंधाया और मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह मौत की जिम्मेदार है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अविलंब मृतकों के आश्रित को 50 लाख रुपये मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। परिजनों को प्रदेश भाजपा की ओर से एक लाख रुपये की सहायता राशि भी दी।

मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा और कहा कि यह संवेदनहीन सरकार है। युवाओं की मौत हो रही और सरकार निश्चिंत है। परिजनों की सुध लेने की भी राज्य सरकार को फुर्सत नहीं। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में जिस प्रकार से नियमो को उल्लंघन किया वह अभ्यर्थियों नवजवानों के मौत का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नही की गई। लंबी यात्रा करके नौजवान सेंटर पर पहुंचे। रात भर जागकर लाइन लगे और सुबह में धूप में उन्हें दौड़ाया गया। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर नवजवानों के स्वास्थ्य पर पड़ा। ऐसे में स्वाभाविक है कि नींद पूरी नहीं होने से ब्लड प्रेशर भी बढ़ता है। शरीर की कार्य क्षमता घटती है। फिर भी अभ्यर्थी दौड़ने को मजबूर हुए। मरांडी ने कहा कि जहां तक नियमावली की बात है, 2018 की बहाली नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि दौड़ के पहले अभ्यर्थियों की लिखित और शारीरिक जांच परीक्षा हो। जो इसमें सफल हों उन्हीं को दौड़ में शामिल किया जाए लेकिन इस सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक घंटा में 10 किलोमीटर की दौड़ उत्पाद विभाग के सिपाही केलिए अव्यवहारिक है। इतनी अनिवार्यता तो सेना की बहाली में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अजय कुमार महतो के इलाज में भी लापरवाही बरती गई। दौड़ में बेहोश हो जाने की स्थिति में परिजनों को सूचित किया गया। उनके पिताजी उनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में कराना चाहते थे लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करने दिया गया। उल्टे उन्हें फुड पाइप के द्वारा नाक से रिम्स में भोजन दिया गया जबकि वे बोल रहे थे और खाने-पीने में सक्षम थे। इस प्रकार इलाज में भी लापरवाही बरती गई।

## काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाएगी कला संगम दुर्गा पूजा समिति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची में अलग-अलग इलाकों में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोर शोर से शुरू हो गया है। इसी क्रम में सभी पूजा पंडाल की समितियां एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण करवाने में जुट गई है। रांची के अपर बाजार स्थित ढिबरी पट्टी के कला संगम दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष आकर्षक पंडाल का निर्माण कर रही है। यहां रौद्र रूप में मां दुर्गा भक्तों को दर्शन देंगी।

समिति के मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। समिति 1953 से पूजा करती आ रही है। इस साल 71वीं वर्षगांठ पर समिति ने धूमधाम से पूजा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पंडाल 35 फीट ऊंचा, 35 फीट लंबा और 40 फीट चौड़ा बन रहा है। पंडाल के अंदर मां दुर्गा की 16 फीट ऊंची दिव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ में अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। मूर्ति का निर्माण मूर्तिकार रामपाल और उनकी टीम कर रही है। सिर्फ पंडाल की निर्माण लागत 5.80 लाख रुपए और मूर्ति की 1.85 लाख रुपए है। लगभग 15 लाख रुपए पूजा आयोजन में खर्च किया जा रहा है। मेदिनीपुर बंगाल से आए 30 कारीगर निर्माण कार्य में लगे हैं।

उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक शंकर दुबे, अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज साहू, कोषाध्यक्ष विपुल कुमार, सर्वोच्च सलाहकार समिति हीरा लाल साहू, किशोर साहू सहित अन्य लोग जुटे हुए है।

## आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से भारी मात्रा में शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के पटना निवासी रविशंकर कुमार और बिहार के भोजपुर निवासी मनीष कुमार सिंह शामिल हैं।

रांची पोस्ट के निरीक्षक डी शर्मा ने मंगलवार को बताया कि रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर शराब के धर-पकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि रांची स्टेशन पर शराब की बोतलों को कुछ लोग ट्रेन से लेकर जाने वाले हैं। सूचना के बाद आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर दो व्यक्तियों को पकड़कर ट्राली बैग की तलाशी ली। बैग से अलग-अलग ब्रांड के शराब की 121 बोतल बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत एक लाख 52 हजार 250 रुपये बताया गया। निरीक्षक डी शर्मा ने बताया कि दोनों ने पूछताछ में बताया कि सभी शराब की बोतल रांची से खरीदी थी और ट्रेन नंबर 18640 से बिहार में ऊंची कीमत पर बेचने जा रहे थे। इसके बाद एसआई सूरज पांडे ने मौके पर ही सभी शराब जब्त कर लिया और दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों व्यक्तियों सहित शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार आरपीएफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि टीम में एसआई सोहन लाल, बब्लू महतो, डीके सिंह, एम अंसारी, अफरोज आलम, संजय यादव तथा एसपी रॉय शामिल थे।

## तारा शाहदेव मामले में रंजीत सिंह कोहली को हाई कोर्ट से नहीं मिली जमानत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की जमानत अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी।

रंजीत कोहली की ओर से रांची की विशेष कोर्ट से सुनाई गई उम्रकैद की सजा को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर की गई है। साथ ही हाई कोर्ट की खंडपीठ में कोहली ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल का जमानत की गुहार लगाई थी। मामले में रंजीत कोहली की ओर से बहस में कोर्ट को बताया गया था कि वह पति-पत्नी के रूप में थे, इसलिए उनके खिलाफ रेप का मामला नहीं बनता है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। इस मामले में पूर्व में झारखंड हाई कोर्ट से रंजीत कोहली की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत मिल चुकी है।

इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। कोर्ट ने रंजीत की मां कौशल रानी को 10 साल व मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी जबकि रंजीत कोहली को अंतिम सांस तक जेल में रहने को लेकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## डीसी ने अलकायदा संदिग्ध इश्तियाक के अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन किया रद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गिरफ्तार अलकायदा संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद के अल्ट्रासाउण्ड सेंटर मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन मंगलवार को रद्द कर दिया। डॉ इश्तियाक अहमद के आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार रांची के खलारी रोड बीजूपाड़ा, चान्हो स्थित मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा संस्थान का निबंधन तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए संस्थान में अल्ट्रासाउण्ड कार्य बंद रखने और यूएसजी मशीन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ एवं स्थानान्तरण न करने का आदेश दिया गया है, अन्यथा पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। आदेश में यह लिखा गया है कि संस्थान के ऑनर एवं चिकित्सक डॉक्टर इश्तियाक अहमद हैं। इस संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के अनुसार भारत सरकार के सुरक्षा तंत्रों के जरिये आतंकी गतिविधियों में शामिल बताया गया था। डॉक्टर इश्तियाक अहमद इसी संस्थान में चिकित्सक के रूप में कार्यरत थे। संस्थान का निबंधन संख्या 565/2023 को तत्काल प्रभाव से रद कर दिया गया है।

## वार्ता के बाद नगर निगम के सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची नगर निगम के सफाईकर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को वार्ता के साथ खत्म हो गई। उप प्रशासक रविंद्र कुमार के साथ नगर निगम सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष दयानंद यादव के साथ वार्ता हुई। वार्ता में महासचिव लोकेश कुमार सिंह, धीरज कुमार, माया शंकर, देव नंदन प्रकाश साबिर अमर सहित अन्य लोग मौजूद थे। वार्ता के बाद नगर निगम सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष दयानंद यादव ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी हड़ताल के कारण लोगों के घरों से कूड़े का उठाव नहीं हुआ। नगर निगम के 2300 से अधिक सफाईकर्मी, वाहन चालक, सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। इसके बाद पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई थी। शहर के करीब 2.25 लाख घरों से कूड़े का उठाव नहीं हुआ। मोहल्लों में कूड़ा उठाने वाले वाहन नहीं गए। इससे लोगों ने सड़क और नालियों में ही कूड़े का ढेर लगा दिया। शहर के 53 वार्ड की सड़कों पर 600 मीट्रिक टन से अधिक कचरा फैला था। किसी भी क्षेत्र में न नालियों और न ही सड़कों की सफाई हुई जबकि पूरे शहर में स्वीपिंग भी नहीं हुई थी।

### वार्ता में इन बिंदुओं पर बनी सहमति

- पूर्व में एमपीएस के मानदेय एवं भत्ता को किस प्रकार दी गई थी, इसका आकलन करते हुए एमपीएस के मानदेय एवं भत्ता में वृद्धि के लिए संचिका बढ़ाने का निर्णय लिया गया।
- जिन 13 एमपीएस की संविदा के आधार पर रांची नगर निगम की ओर नियुक्ति की गई है, उनके विज्ञापन के शर्तों के अनुरूप हितलाभ देने का निर्णय लिया गया।
- रांची नगर निगम में सफाई के लिए पूर्व में कार्यरत एजेन्सी के कर्मियों का मानदेय एवं इपीएफ से संबंधित जो भी बकाया है, उसके भुगतान के लिए संबंधित एजेन्सी को नोटिस देने का निर्णय लिया गया।
- सफाईकर्मियों, चालकों, एमपीएस इत्यादि को सरकार द्वारा जो भी हितलाभ, जीवित या मृत्यु की स्थिति में दिये जाते हैं, उनको उपलब्ध कराने के लिए प्रक्रिया में सहयोग के लिए सहायक प्रशासक की।
- दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत ड्राइवर के अवकाश का लाभ झारखंड सरकार से दैनिक वेतन भोगी को मिलने वाले अवकाश लाभ के अनुरूप देने पर निर्णय लिया गया।
- एमटीएस इंचार्ज, ड्राइवर और सुपरवाईजरों को कोरोना काल में दिए जाने वाले तीन माह का प्रोत्साहन राशि दिये जाने के लिए विचार करने का निर्णय।
- सुपरवाईजर एवं अन्य कर्मियों को कार्यावधि के अतिरिक्त ओवर टाइम करने पर अतिरिक्त राशि भुगतान करने के लिए प्रक्रिया निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।
- स्वच्छता शाखा में कार्यरत कम्प्युटर ऑपरेटर धनंजय कुमार का मानदेय कम्प्युटर ऑपरेटर के समतुल्य करने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पहाड़ी मंदिर की सुरक्षा और घेराबंदी के लिए संजय सेठ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**रांची** : पहाड़ी मंदिर के संरक्षण, संवर्द्धन और इसे अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को मंगलवार को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा है कि भारत में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जिनका धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व साथ-साथ है। ऐसे ही स्थानों में है रांची का पहाड़ी मंदिर। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि वर्तमान समय में इस पहाड़ी की स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी है। झारखंड के प्रसिद्ध पर्यावरणविद नीतिश प्रियदर्शी ने कई बार इस मुद्दे पर रिपोर्ट की है। उन्होंने कहा है कि यह पहाड़ी हिमालय से भी पुरानी है और भुरभुरी मिट्टी की है। हमेशा यह आशंका बनी रहती है कि यह कभी भी धंस सकती है। वर्तमान समय में इस पहाड़ी के चारों तरफ अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है, जो इस स्थल की पवित्रता के साथ भी खिलवाड़ है। इस ऐतिहासिक धरोहर पर भी इससे खतरा है। इतने बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थान को अब संरक्षण और संवर्धन की जरूरत है। साथ ही पहाड़ी मंदिर कॉरिडोर बनाने की पहल भी होनी चाहिए। सेठ ने पत्र में कहा है कि पहाड़ी के चारों तरफ से अतिक्रमण हटाया जाए। पतरातु घाटी क्षेत्र की तर्ज पर मजबूत घेराबंदी सुनिश्चित की जाए। इसे लोहे की जाल से या बाड़ा लगाकर मजबूती से बांधा जाए। मंत्री ने विश्वास जताया है कि इस दिशा में मुख्यमंत्री सकारात्मक कदम उठाएंगे।

### श्याम मंदिर में भौमवती अमावस्या के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा संचालित व निर्मित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज भौमवती अमावस्या के अवसर पर खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार खाटूनरेश का महास्नान उत्सव अनुष्ठान विविध कार्यक्रमों के भक्ति के सागर में संपन्न हुआ। प्रात: 5:30 बजे मंगल आरती व बाल भोग अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगला आरती के बाद सभी गर्भगृहों में पर्दा लगा करके महास्नान अनुष्ठान मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा की देखरेख में प्रारंभ किया गया। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया गया। इसके बाद लाल डच गुलाब पीला डच गुलाब मुर्गन लाल गेंदा पीला गेंदा बेली रंगन मोती रजनीगंधा तुलसी दल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि वर्ष में एक बार खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार श्याम बाबा लगभग 15 दिनों तक लगातार श्यामल रूप में रहते हैं। श्याम रूप में ही खाटू नरेश भक्तों को आशीर्वाद तथा स्नेह लूटाते हैं। सरावगी ने बताया की जन्माष्टमी के बाद रविवार को भगवान की छट्टी मनाई गई। अमावस्या का सभी अनुष्ठान संपन्न होने के सभी गर्भगृहो का पर्दा खोल दिया गया। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने खाटूनरेश की जय जयकार करके प्रभु के दर्शन किए। प्रात: 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गई पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। त्रिपुरारी प्रसाद सिंह कल्पना सिंह अभिषेक आनंद बबीता आनंद डॉ अमितेश डॉ जूही गर्ग डॉ सी एन सिंह आयुष्मान सिंह अभिषेक सिंह मलिक रानी बेबी कल्याणी माधव ने संयुक्त रूप से अमावस्या अनुष्ठान उत्सव की सभी सेवा निवेदित कर बाबा के दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनोली प्रवीण अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हनुमान रोड के श्री श्याम मंदिर में आज संध्या 4:30 बजे से 117वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने श्री हनुमान जी महाराज की पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेडा चना गुड़ फल का प्रसाद चढ़ाकर पाठ वाचक तथा श्री रामचरितमानस ग्रंथ का पूजन किया। पूरा मंदिर परिसर हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन रहा। पाठ के बाद हनुमान जी महाराज की विशेष आरती की गई। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में श्रवण ढानढनिया राजेश जायसवाल अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार ने सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

### शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची रांची की टीम



**रांची** : शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में तीन सिंतबर को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के तीसरे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि मो. साकिब, शिक्षक सुदीप कुमार, मो. अबदुल्ला सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। साथ ही खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। ग्रुप सी का पहला मैच जोइब पॉल्ट्री फॉर्म बुढ़ाखुखरा बनाम एनएफसी पोखरटोली के बीच खेला गया। इसमें बुढ़ाखुखरा की टीम 1-0 गोल जीतक अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं ग्रुप सी के अन्य मैचों में द रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी ने ट्राइबल एफए झिंझरी को ट्राइब्रेकर में 3-2, जय सरना संघ मुरजुली ने ब्लू टाईगर एफसी को ट्राइब्रेकर में 4-3 और ओल्ड इज गोल्ड रांची ने सरना नव युवक संघ गुड़गुड़जाड़ी ने ट्राइब्रेकर में 3-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। मंगलवार को ही दूसरे राउंड के पहले मैच में जोइब पॉल्ट्री फॉर्म बुढ़ाखुखरा ने रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी को ट्राइब्रेकर में 4-3 और ओल्ड इज गोल्ड रांची ने जय सरना संघ मुरजुली को 2-0 गोल से हराकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को सातवां और अंतिम मैच तीसरा क्वाटर फाइनल जोइब पॉल्ट्री फॉर्म बुढ़ाखुखरा और ओल्ड इज गोल्ड रांची के बीच खेला गया। इसमें ओल्ड इज गोल्ड की टीम ट्राइब्रेकर में बुढ़ाखुखरा को 7-6 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले सुमित ब्रदर्श और तिग्गा परिवार एफसी की टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। चार सितंबर का उद्घाटन मैच रोहित ब्रदर्स महुआजाड़ी बनाम पुना हीरा नागपुर संघ तिगड़ा के बीच खेला जाएगा। टूनार्मेंट के दोनों सेमीफाइनल और फाइनल पांच सितंबर को खेला जाएगा। मैच के सफल संचालन में मैच के स्कोरर रंजीत खलखो, समाजसेवी अनैसुल अंसारी, विनोद खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कमला हैरिस या ट्रम्प में कौन बनेगा अमेरिकी राष्ट्रपति



आर.के. सिन्हा

**भारत सरकार किसे विजयी देखना चाहती है? यह तय है कि भारत सरकार जो भी जीतेगा उसके साथ तो ताल- मेल बैठकर काम तो करेगी ही! यह बात भारत- अमेरिका के गहरे द्विपक्षीय संबंधों की रोशनी में कही जा सकती है, जो लगातार मजबूत होते ही चले जा रहे हैं।**

अमेरिका में बसे लाखों भारतीय डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं या कमला हैरिस के पक्ष में? अगर मीडिया पर आ रही खबरों पर यकीन करें तो कमला हैरिस को तो आज के दिन अधिक लोकप्रिय बताया जा रहा है और प्रतिदिन कमला की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही बताते हैं। भारत सरकार किसे विजयी देखना चाहती है? यह तय है कि भारत सरकार जो भी जीतेगा उसके साथ तो ताल- मेल बैठकर काम तो करेगी ही! यह बात भारत- अमेरिका के गहरे द्विपक्षीय संबंधों की रोशनी में कही जा सकती है, जो लगातार मजबूत होते ही चले जा रहे हैं। एक बात जान लें कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एकमुश्त वोट तो कमला हैरिस को नहीं मिलेंगे, कुछ वोट तो बटेंगे ही! कुछ वोट ट्रम्प के खाते में भी जाएंगे। पर कमला हैरिस को भारतीय अपना तो मानते हैं। कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन, तमिलनाडू के एक कुलीन बाह्मण परिवार से थीं। यह समाज अपनी बेटियों की शिक्षा पर भी बहुत ध्यान देता है। इसलिए इस परिवार ने श्यामला गोपालन को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई दिल्ली जाने की अनुमति दी। जहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। श्यामला के पिता पी.वी. गोपालन भी सरकारी सेवा में ही थे और मां सफल गृहणी थी। गोपालन जी सरकारी दफ़्तर में टाइपिस्ट थे और अपनी लगन और ईमानदारी के सहारे पदोन्नति पाते रहे। वह अपनी नौकरी के सिलसिले में मद्रास, नई दिल्ली, मुंबईऔर कोलकाता में रहे। डीयू से 19 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद, कमला हैरिस की मां श्यामला ने अमेरिका का उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए रूख किया। उन्होंने अमेरिका में एक अफ्रीकी मूल के शख्स से शादी की, जिसका परिवार कैरिबियाई देश जमाईका में बस गया था। इस लिहाज से देखा जाए तो कमला हैरिस को भारतीय और अफ्रीकी कहीं ना कहीं अपने से जुड़ा मानते हैं।

उधर, ट्रम्प का भी अपना एक खास जनाधार है ही। वह अमेरिका के 2016-2020 के दौरान राष्ट्रपति रहे हैं। ट्रम्प वह व्यक्ति भी हैं जिन्होंने यूक्रेन और गाजा में संघर्षों को



समाप्त करने का वादा किया है, जो लेबनान तक फैल गया है। वह इसे कितना गंभीरता से मानते हैं और क्या वह सफल होंगे, यह अनुमान का विषय है, लेकिन कम से कम उन्होंने वादा तो किया ही है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन भी गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए अपने ढंग से कुछ काम भी कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे डेमोक्रेटिक पार्टी को मदद मिल सकती है। लेकिन न तो बाइडेन और न ही कमला हैरिस ने अब तक गाजा में शांति लाने का कोई ठोस इरादा दिखाया है। ऐसे में क्या ट्रम्प की जीत विश्व शांति के लिए भी मतदाता अच्छी मानेंगें?

**भारत -अमेरिका संबंध**

अब जरा बात कर ले भारत- अमेरिका संबंधों की। तो ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं, इससे भारत- अमेरिका संबंधों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा कि व्हाइट हाऊस में ट्रम्प पहुंचते हैं या कमला हैरिस। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध तो बेहतर होते रहेंगे, यही अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विश्लेषक मानते हैं। दोनों देशों के संबंध उस दायरे से कहीं आगे जाते हैं, जब सत्ता परिवर्तन का असर संबंधों पर होता है। इन संबंधों में किसी पर्सनेल्टी का असर नहीं हो सकता। हां, दोनों देशों के नेताओं के निजी संबंधों से संबंध और बेहतर तो हो सकते हैं। यह हमने नरेन्द्र मोदी और बराक ओबामा, फिर मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प और उसके बाद मोदी और बाइडेन के समय देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से अमेरिका के दो पूर्व राष्ट्रपतियों बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक अलग पर्सनल केमिस्ट्री विकसित की थी, वैसी ही केमिस्ट्री उनकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ भी बनी। कुछ अस्वस्थ होने के बावजूद पिछले साल बाइडेन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आए। उसके बाद से उनकी भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से आपसी और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर अक्सर बातचीत होती ही रहती है। एक बात और। अगर ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति बन जाते हैं तो संसार के इस्लामिक देशों के साथ वे किस तरह का संबंध बनाकर रखना चाहेंगे? वह पहली बार जब राट्रपति का चुनाव जीते थे तब सारा इस्लामिक संसार दुखी था। वह अपनी कैंपेन के दौरान बार-बार इस्लाम को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने इस्लाम को अमेरिका विरोधी बताते हुए उनके अपने देश में प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग तक दोहराई थी। हालाकि उन्होंने कहा था कि उनकी लड़ाई कट्टरपंथी मुसलमानों से है। लेकिन, इस बार वह संभल कर चल रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के पनपने के लिए बराक ओबामा और हिलेरी क्लिंटन को जिम्मेदार मानते हैं। ट्रम्प के इस तरह के बयानों पर उन्हें अमेरिका के गैर- मुसलमानो का समर्थन भी मिला। डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे से सनसनी पैदा हो गई थी कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद दुनिया भर के मुसलमान जश्न मनाने के लिए 'सड़कों पर उतर' आए थे। उसके बाद उन्होंने कहा, अरब और अमेरिकी मुसलमानों ने आंतकी हमलों का जश्न मनाया था। ट्रम्प ने अपने देश में मुसलमानों की निगरानी करने के लिए एक डाटा बेस बनाने का भी वादा किया था। ट्रम्प ने यह भी कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए अमेरिका के मुस्लिमों पर तगड़ी निगरानी जरूरी होगी। तब उनकी अमेरिकी मीडिया ने तीखी आलोचना की थी। लेकिन ट्रम्प अपने रुख पर कायम रहे थे। यह सच है कि अमेरिका में 9/11 की घटना के बाद औसत अमेरिकी मुसलमानों से डरने और सतर्क रहने लगा था। हालांकि 9/11 की घटना के बाद दुनिया अब बहुत कुछ बदल चुका है। फिलहाल तो यह देखने वाली बात है कि अमेरिका का नया राष्ट्रपति कौन बनता है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### त्वरित न्याय की जरूरत

त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने का प्रयास किया जाना जरूरी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। अदालतों में लंबित मामलों का लंबित होने को हम सभी के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए उन्होंने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में मौजूद प्रधान न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़.ने कहा कि, बह सुनिश्चित किया जाए कि अदालतें समाज के सभी सदस्यों के लिए सुरक्षित व सहज वातावरण प्रदान करें। इस तथ्य को बदलना होगा कि अदालतों को बुनियादी ढांचा केवल 6.7 फीसद महिलाओं के अनुकूल है।



सार्वजनिक मंचों से इस तरह के बातें होना कोई नई बात नहीं है। अदालतों में वर्षों से लंबित मामलों को लेकर मुख्य न्यायाधीश पहले भी कई बार विभिन्न मंचों से बोल चुके हैं। खासकर निचली अदालतों की कार्यशैली, सुविधाओं की कमी, जजों की अपर्याप्त संख्या जैसी समस्याओं का हल खोजने के प्रति सरकारी रवैया बहुत ही ढुलमुल है। वादी व प्रतिवादी तारीख पर तारीख लेते-लेते आजिज आ जाते हैं। कई दफा उनके जीते-जी फैसला भी नहीं हो पाता। केवल अदालतों में ही नहीं, बल्कि अभी तो विभिन्न कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता नाममात्र ही है। न्यायपालिकाङ्क कार्यपालिका से लेकर विधायिका तक महिलाओं के काम करने के अनुकूल स्थितियां होना अभी बेहद चुनौतीपूर्ण है। हालांकि देश भर की अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति और अन्य आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाकर लंबित मामलों को कम करने की भरसक कोशिश की गई है। हां, कोरोना के वक्त जरूर न्यायिक कामकाज में व्यवधान आया, मगर अब नये सिरे से इस बारे में गंभीरता से मंथन होना अच्छा संकेत है। देश की प्रथम नागरिक, प्रधान न्यायाधीश से लेकर कानून मंत्री तक लंबे समय तक लंबित मामलों को लेकर संजीदा हो रहे हैं। इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस गंभीर समस्या का उचित समाधान खोजने में सफलता प्राप्त हो सकती है। निःसंदेह त्वरित न्याय सुनिश्चित होने से जनमानस में न्यायपालिका के प्रति आस्था बढे]गी। साथ ही मानव श्रम, समय और अनावश्यक धन व्यय में लगाम लगने से व्यवस्था सुविधाजनक हो सकेगी।

## चिंतन-मनन

### अहिंसा का आलोक

वे सभी व्यक्ति अहिंसा की शीतल छाया में विश्राम पाने के लिए उत्सुक रहते हैं, जो सत्य का साक्षात्कार करना चाहते हैं। अहिंसा का क्षेत्र व्यापक है। यह सूर्य के प्रकाश की भांति मानव मात्र और उससे भी आगे प्राणी मात्र के लिए अपेक्षित है। इसके बिना शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की बात केवल कल्पना बनकर रह जाती है। अहिंसा का आलोक जीवन की अक्षय संपदा है। यह संपदा जिन्हें उपलब्ध हो जाती है, वे नए इतिहास का सृजन करते हैं। वे उन बंधी-बंधाई परंपराओं से दूर हट जाते हैं, जिनकी सीमाएं हिंसा से स्पृष्ट होती हैं। परिस्थितिवाद का बहाना बनाकर वे हिंसा को प्रश्रय नहीं दे सकते। अहिंसा की चेतना विकसित होने के अनंतर ही व्यक्ति की मनोभूमिका विशद बन जाती है। वह किसी को कष्ट नहीं पहुंचा सकता। इसके विपरीत हिंसक व्यक्ति अपने हितों को विश्व-हित से अधिक मूल्य देता है। किंतु ऐसा व्यक्ति भी किसी को सताते समय स्वयं संतप्त हो जाता है। किसी को स्वायत्त बनाते समय उसकी अपनी स्वतंत्रता अपहत हो जाती है।

किसी पर अनुशासन थोपते समय वह स्वयं अपनी स्वाधीनता खो देता है। इसीलिए हिंसक व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में संतुष्ट और समाहित नहीं रह सकता। उसकी हर प्रवृत्ति में एक खिंचाव-सा रहता है। वह जिन क्षणों में हिंसा से गुजरता है, एक प्रकार के आवेश से बेभान हो जाता है। आवेश का उपशम होते ही वह पछताता है, रोता है और संताप से भर जाता है। हिंसक व्यक्ति जिस क्षण अहिंसा के अनुभाव से परिचित होता है, वह उसकी ठंडी छांह पाने के लिए मचल उठता है। उसका मन बेचैन हो जाता है। फिर भी पूर्वोपात्त संस्कारों का अस्तित्व उसे बार-बार हिंसा की ओर धकेलता है। ये संस्कार जब सर्वथा क्षीण हो जाते हैं तब ही व्यक्ति अहिंसा के अनुत्तर पथ में पदन्यास करता है और स्वयं उससे संरक्षित होता हुआ अहिंसा का संरक्षक बन जाता है। अहिंसा के संरक्षक इस संसार के पथ-दर्शक बनते हैं और हिंसा, भय, संत्रास, अनिश्चय, संदेह तथा असंतोष की अरण्यानी में भटके हुए प्राणियों का उद्धार करते हैं।

# वर्षा जल को बर्बाद होने से बचाएं



विष्णु अग्रवाल



मानसून का महीना हर किसी को आत्मिक आनंद से सराबोर करने वाला होता है इस समय नील व्योम काली घटाओं के केन्द से बंद मेघो के माध्यम से वसुधा को अपनी असमी स्वर्णिम जलबूंदो से तरबतर करने को उत्साहित व आतुर दिखाई पड़ता है। शीतलता भरी छुअन घुल जाने से प्राणी जगत को भीषण गर्मी से राहत मिलने लगती है।

भले शहर में मिटटी के लोग बारिश में भीग जाने से कतराते हो, लेकिन गांव में तो आज भी बारिश को एक उत्सव व त्योहार के रूप में मनाने व बिंदास होकर खूब भीग जाने की परम्परा जीवित है। यहां तो बारिश के आगाज के साथ ही नग्गे बदन बच्चो की टोलियां में धमा चौकड़ी मचाती हुई देखी जा सकती है। हम मानसून की मस्ती में इतने भी मशगूल नही हो जाए कि वर्षा जल संचयन को ही भूल जाऐ। हाल के वर्षो मे वर्षा जल संचयन को लेकर व्यक्तिगत प्रयासो में कमी आई है। पहले गांवो में वर्षा जल संचयन परंपरा का एक अभिन्न अंग हुआ करता था। दुनिया के सर्वाधिक बारिश होने वाले क्षेत्रो में भारत भी है, यहां हर वर्ष बर्फ पिघलने ओर वर्षा जल के रूप में औसतन 4000 अरब घनमीटर पानी प्राप्त होता है, जबकि यह देश वर्षा जल का 1869 अरब घनमीटर (मतलब सिर्फ 46 प्रतिशत) पानी का उपयोग कर पाता है, बाकी 54 प्रतिशत पानी व्यर्थ में बहकर नदी-नालो के द्वारा समुद्र में चला जाता है। मणिपुर से भी छोटे इजराइल जैसे देशो में जहां वर्षा का औसत 25 से.मी. से भी कम है, वहां भी जीवन चल रहा है।

वहां जल प्रबंधन तकनीक अति विकसित होकर जल की कमी का आभास नही होने देती, अपितु कृषि से कई बहूमूल्य उत्पादो का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहा है। बारिश के पानी का विभिन्न स्त्रोतो व प्रकल्पों व सुरक्षित व संग्रहित रखना व करना वर्षा जल संचयन कहलाता है। वर्षा जल संचयन वर्षा जल के भंडारण को संदर्भित करता है, ताकि जरूरत पड़ने पर बाद में इसका उपयोग किया जा सके। इस तरह व्यपाक जलराशि को एकत्रित करके पानी की किल्लत को कम किया जा सकता है।

भारत में पेयजल संकट एक प्रमुख समस्या है। भूमिगत जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा ह और इस बजह से पीने के पानी की किल्लत बढ रही है सिकुडती हरित पटटी इसका मुख्य कारण है। पेड़ों से जहां पर्याप्त मात्रा में वर्षा हासिल होती है वही यही पेड़ भूमिगत जल का स्तर बनाये रखने में भी अहम् भूमिका निभाते है। लेकिन दुत गति से होने वाले विकास कार्यो ने हमारी हरित पटटी की तेजी से बलि ली है उसी का नतीजा है कि न सिर्फ भूमिगत जल का स्तर नीचे गया है, बल्कि वर्षा में भी लगातर कमी आई है। गौरतलब है कि भारत में दो सौ साल पहले लगभग 21 लाख सात हजार तालाब थे। साथ ही लाखो कुऐ, बावड़ियां झीलें पोखर और झरने भी हमारे देश की गोदी में हजारो नदियां खेलती थी, किन्तु आज से नदिया हजारो में से केवल सैकड़ो में ही बची है। ये सब नदिया कहां गई कोई नही बता सकता है।

जिस भारत में 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा हो यहां आज स्वच्छ जल का उपलब्ध न हो पाना विकट समस्या है। आज देश में करीब 60 करोड़ लोग पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे है। करीब दो लाख लोग स्वच्छ पानी न मिलने के चलते हर साल जान गंवा देते है। नीति आयोग द्वारा जारी समग्र जल प्रबंन्धन सूचकांक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। जिसमें कहा गया है सन 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जायेगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगो के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जायेगा और देश की जीडीपी में छह प्रतिशत की कमी देखी जायेगी। वर्षा जल संचयन के लिए वर्तमान में कई वैज्ञानिक व परंपरागत विधिया प्रयोग में लायी जा रही है। यहां कुछ ऐसी ही विधियों व प्रणाली का उल्लेख किया जा रहा है, जो वर्षा जल संग्रह में सहायता कर सकती है।

यह वर्षा जल संग्रहण की सबसे उत्तम व आसान विधि है। इस विधि से संचित पानी को किसी अन्य माध्यम से स्वच्छ किये बिना ही इसका मानवहित में उपयोग किया जा सकता है। बांध परियोजनाओं का सफल निर्माण बारिश के जल को संग्रहित करने में काफी कारगर सबित हो सकता है। बांध जैसे प्रकल्पों में जलराशि को लंबं समय तक बांधकर इसका उपयोग नहरों के माध्यम से सिंचाई के प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है। अगर अब भी हम सचेत नही हुए तो दक्षिण अफ्रीकी शहर केपटाउन की तरह भारत को भी पानी सपने में ही देखने को नसीब होगा हालाकि पूरे विश्व में धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97 प्रतिशत पानी खारा है जो पीने योग्य नही है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसमें भी 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1 प्रतिशत पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक मानव का दायित्व बनता है कि वो अपने हिस्सा का पानी पहले से ही संग्रहित करके रखे। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों और गुजरात के कुछ इलाको ने पारंपरिक रूप से घर के अन्दर भूमिगत टैंक बनाकर जल संग्रह करने का प्रचलन है, इस परम्परा को अन्य राज्यों में लागू कर हम इस गंभीरता को कम कर सकते है। कठोर कानून के द्वारा नदियों में छोडे.जाने वाले अपशिष्ट पर लगाम लगाकर जल प्रदूषण को रोका जा सकता है और वर्षा चक्र को बाधित होने से बचाया जा सकता है।

(स्वतंत्र पत्रकार)

# जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संघ का संतुलित दृष्टिकोण



कृष्णमोहन झा




कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दल पिछले कुछ महीनों से जातिगत जनगणना का मुद्दा उछाल कर देश भर में अपने पक्ष में हवा बनाने की जी तोड कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भाजपा ने अभी तक अपना कोई स्पष्ट दृष्टिकोण व्यक्त नहीं किया है परन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गत दिनों केरल के पलक्कड़ शहर में संपन्न अपनी अखिल भारतीय समन्वय बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं उनका निश्चित रूप से स्वागत किया जाना चाहिये। संघ का मानना है कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है । राष्ट्रीय एकता और अखंडता की दृष्टि के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए।।यदि आवश्यक हो तो सरकार जातिगत जनगणना करा सकती है लेकिन इस मुद्दे का चुनावी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य केवल पिछड़े समाज का कल्याण होना चाहिए। बैठक में संघ का स्पष्ट मत था कि जातीय विभाजन को रोकने का एक मात्र उपाय हिंदुत्व है। गौरतलब है कि देश के विभिन्न स्थानों पर संघ की समय समय पर होने वाली बैठकों में अखिल भारतीय समन्वय बैठक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। केरल के पलक्कड़ में संपन्न हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी क्योंकि कुछ समय पूर्व वायनाड में भूस्खलन से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बैठक के प्रारंभ में वायनाड हादसे में असमय ही मौत की शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में संघ के स्वयंसेवकों ने वायनाड में चल रहे राहत कार्यों में अपनी सहभागिता की जानकारी साझा की । संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक के पहले दिन सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद थे। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सहित संघ के 32 सहयोगी संगठनों के 320 प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लोकसभा चुनावों के बाद तीन महीने बाद संपन्न संघ की इस तीन दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय महत्व के जिन विषयों पर गहन विचार विमर्श हुआ उनकी सारगर्भित जानकारी बैठक की समाप्ति के पश्चात संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रदान की । सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया। संघ की बैठक में कोलकाता कांड जैसी घटनाओं को रोकने के पांच तरह के उपाय किए जाने पर बल दिया गया। इनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर त्वरित न्याय, सामाजिक जागरूकता, बचपन से बच्चों में उत्तम संस्कार, शिक्षा व्यवस्था और आत्म रक्षा का प्रशिक्षण शामिल है। बैठक में इस विषय जुड़े विचार विमर्श में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि डिजिटल प्लैटफॉर्म पर परोसी जाने वाली सामग्री की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए ताकि वे अश्लीलता न परोस सकें। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि कोलकाता कांड जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने में संघ द्वारा सुझाए गए उपाय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संघ की समन्वय बैठक में बंगला देश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से बंगला देश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया गया। बैठक में बंगला देश की ताजा स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की गई। संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी ने बताया कि बैठक में पंच परिवर्तन संकल्प के रूप में नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय स्वत्व देशव्यापी परिवर्तन अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। संघ की प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली समन्वय समिति की यह बैठक इस बार चूंकि लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की गई थी इसलिए जब पत्रकारों ने सुनील आंबेकर से संघ और भाजपा के बीच विगत दिनों उभरे कथित मतभेद के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि हम इसे परिवार के अंदर ही सुलझा लेंगे। बैठक में संघ के शताब्दी आयोजनों पर भी विचार विमर्श किया गया।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# मृतक अभ्यर्थियों के परिजनों को पचास लाख मुआवजा दे राज्य सरकार : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उत्पाद सिपाही भर्ती में मृतक अभ्यर्थियों के दौड़ के दौरान मृत्यु को लेकर आक्रोशित छात्रों का नेतृत्व करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में राज्य सरकार की लापरवाही के कारण 12 अभ्यर्थियों की जान जा चुकी है। जो पूरे झारखंड राज्य के लिए एक शर्मनाक विषय है। उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया में राज्य सरकार की अव्यवस्था, उदासीनता और असंवेदनशीलता के विरुद्ध में पिछले दिनों आक्रोश रैली का असर दिखाई दिया है। जिसको लेकर आक्रोशित छात्रों के द्वारा जो रैली का और धरना प्रदर्शन प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में किया गया उन लोगों के मन में एक आशा जगी है कि भर्ती दौड़ में कुछ नियमावली में परिवर्तन देखा जा रहा है। मगर सरकार के द्वारा कुछ भी स्पष्ट निर्देश नहीं किया जा रहा है कि यह दौड़ कितना किलोमीटर का होगा। उन्होंने छात्रों के आंदोलन का नेतृत्व करते हुए आवाज बुलंद करते हुए राज्य सरकार से मांग किया कि 10 किलोमीटर से कम का दौड़ कराया जाए और सात केंद्र को बढ़ाकर प्रत्येक जिला में इस दौड़ को कराया जाए ताकि वहां के अभ्यर्थियों को स्थानीयता का लाभ मिल सके अभी सरकार ने जिस प्रकार से भर्ती प्रक्रिया को लेकर दौड़ कराया है जिसमें दिन भर अभ्यर्थी भूखे प्यासे धूप में तड़पते रहे कि कब उनकी बारी आएगी और कब उनका नाम पुकारा जाएगा ऐसे में उन्हें काफी दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ा कहीं ना कहीं यह मौत भी उन्हें कारण से हुआ जब अभ्यर्थी दिनभर भूखे प्यासे दौड़ में शामिल हुए और अचानक इस तरह की घटना घटी जो पूरे झारखंड के लिए एक शर्मनाक घटना है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि मृतक अभ्यर्थियों के परिजनों को अविलंब 50 लाख रुपया मुआवजा राशि दिया जाए जिस प्रकार से भाजपा ने प्रत्येक मृतक अभ्यर्थियों के परिवार को एक-एक लाख रुपया देने का काम किया है उन्होंने इन सभी मौतों का जिम्मेदार राज्य के गठबंधन दल की सरकार को बताते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थियों की मौत का जिम्मेदार झारखंड सरकार है और झारखंड सरकार पर हत्या का मुकदमा दायर होना चाहिए।

## सिल्ली प्रखंड कार्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार के दिन झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से विद्यार्थियों के बीच 222 साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कुराहट छा गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023 -2024 में 1272 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण होना है। इसी कड़ी में आज विद्यार्थियों के बीच 222 साइकिल का वितरण किया गया। वही रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी ने कहा कि बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही हमारा फर्ज है अब बच्चे साइकिल से स्कूल पहुंचेंगे तो उनका कीमती समय बचेगा जो वह अपनी पढ़ाई में लगा पाएंगे। सुदूरवर्ती क्षेत्र से आने वाले बच्चियों को विद्यालय आने में काफी सहूलियत होगी। शिक्षा विभाग के पदाधिकारी विमल कांत झा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। मौके पर जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी (पूर्वी), प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक,उप प्रमुख आरती देवी, समेत प्रखंड कार्यालय एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## पीटीआर के वन में आने वाले सारस पर्यटकों के लिए बने आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांढ़ गांव के पास इन दिनों एक अनोखा और दुर्लभ दृश्य देखने को मिलता है। बारेसाढ़ गांव के समीप झुमरी टोला में खड़े एक विशाल सेमल के पेड़ पर पिछले 10 वर्षों से एक विलुप्तप्राय प्रजाति का सारस पक्षी, जिसे एशियाई ऊनी गर्दन वाला सारस के नाम से जाना जाता है, प्रजनन के लिए आता है। यह सारस जुलाई से सितंबर तक यहां प्रवास करता है और इसी दौरान यहां अपने अंडे देकर बच्चों के साथ सितंबर के अंत तक उड़ जाता है। गांव के लोगों के लिए यह सारस किसी रहस्य से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पक्षी हर साल उसी बारेसाढ़ के झुमरी टोला वाले पेड़ पर लौटता है और इसका स्थानीय नाम भले ही उन्हें न पता हो, लेकिन इस पक्षी का आगमन अब उनकी प्रत्येक वर्ष



दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। इस दुर्लभ सारस पक्षी की पहचान उसकी काली पीठ, गहरे हरे और बैंगनी रंग के पंखों और सफेद पट्टीदार गर्दन से होती है, जो इसे अन्य पक्षियों से अलग और आकर्षक बनाती है। स्थानीय ग्रामीण इस पक्षी को शुभ मानते हैं और किसी भी तरह से परेशान नहीं करते। बारेसाढ़ के रेंजर तरुण कुमार सिंह बताते हैं कि इस दुर्लभ सारस पक्षी का आगमन न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटक इस सारस पक्षी और अन्य दुर्लभ पक्षियों को देखने के लिए उत्सुक रहते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ओझा-गुणी के आरोप में दो ग्रामीणों की हुई पिटाई

**चतरा :** चतरा जिले के उग्रवाद प्रभावित लावालौंग थाना के बरहेद गांव से डायन बिसाही और ओझा-गुणी करने के आरोप में मारपीट करने का मामला मंगलवार को सामने आया है। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बरहेद गांव निवासी धनेशर गंझु और मनेशर गंझू को भूत चढ़ाने और ओझा-गुनी करने के आरोप में गांव के ही कुछ लोगों पिटाई कर दी। घटना की जानकारी देते हुए धनेश्वर गंझू के पुत्र राजनाथ गंझू ने बताया कि मेरे पिता और चाचा दोनों को ओझा-गुणी करने के आरोप में कैलाश गंझु, छटू गंझु, तुलसी गंझु और मिथलेश गंझु उग्र हो कर लाठी डंडे से जम कर पिटाई कर दी है। पिटाई करने बाद सभी लोग पुलिस आने की सूचना मिलते ही फरार हो गये। वहीं मार पीट में धनेश्वर और मनेसर गंझू को अंदरूनी चोटें आई है। दोनों का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कारवाई होगी। डायन बिसाही और ओझा-गुनी का आरोप लगाकर मारपीट करना कानून जुर्म है।

### चोरी कर भाग रहे तीन में से एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**गिरिडीह :** जिले के बगोदर थाना इलाक के सोनतुरपी गांव में एक घर में चोरी कर भाग रहे तीन चोरों में से एक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। ग्रामीणों ने चोर और उसकी बाइक समेत पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया कि सोमवार की रात में चोरों ने एक घर से दो लाख रुपये नकदी समेत अन्य सामानों की चोरी की। हालांकि, पकड़े गये चोर की तलाशी लेने पर चोरी की रकम नहीं मिली। चोर ने बताया कि उनके सहयोगी के पास चोरी की रकम है। चोरों ने गांव में लाटो पासवान के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने कमरे में रखे ट्रंक से दो लाख रुपये निकाल कर ट्रंक के ऊपर रखा बक्सा ले जाने के क्रम में छत पर सोये एक युवक की नजर पड़ी। उसने फोन कर आसपास के युवकों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही गांव के कई युवक जुट गए और युवकों ने चोरों की बाइक का प्लग खींच दिया। इससे बाइक बंद हो गई और बाइक पर बैठे एक चोर को युवकों ने पकड़ लिया। हालांकि, इस पकड़ा-धकड़ी में दो चोर मौके से भाग निकले। बताया जाता है कि लाटो पासवान का एक बेटा कुछ महीने पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज कराने के लिए लाटो पासवान का दूसरा बेटा विशाल पासवान दो लाख रुपये लेकर घर आया था। जानकारी मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पकड़े गए चोर को हिरासत में ले लिया। अब पुलिस दो अन्य चोरों की तलाश कर रही है।

### तोरपा एसडीपीओ कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 सितंबर को

**खूंटी :** नागरिकों की शिकायत के त्वरित और प्रभावी निवारण तथा पुलिस और नागरिकों के बीच अविश्वास को समाप्त करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय झारखंड रांची द्वारा निर्गत पुलिस आदेश के अनुपालन को लेकर 10 सितंबर को पूर्वाहन 11 बजे तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में तोरपा रनिया और तपकरा थाना क्षेत्र के व्यक्तियों की शिकायत के निवारण किया जायेगा। इस संबंध में तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में तोरपा तपकरा और रनिया थाना क्षेत्र के नागरिक भाग लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। बताया गया कि पुलिस से संबंधित शिकायतों और अन्य प्रकार की शिकायतें हो, तो उसके त्वरित निवारण के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा स्थित सभागार में 10 सितंबर को आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते है।

## लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करायें अधिकारी : हिदायतुल्ला खान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, कृषि, कल्याण विभाग, कृषि समेत कई विभागों की प्रगति पर असंतुष्टि जताई है। आयोग की छह सदस्यीय टीम ने आयोग के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान के नेतृत्व में मंगलवार को खूंटी पहुंची। इस अवसर पर आयोग के चेयरमैन के नेतृत्व में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ परिसदन में अल्पसख्यकों से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि आयोग ने जिले में अल्पसख्यकों के कल्याण के लिए कई योंजनाएं



लाई जा रही है, पर अधितर योजनाएं अधूरी हैं। उन्हांने कहा कि अधिकतर विभागों कीं रिपोर्ट से आयेग बिल्कुल असंतुष्ट है।उन्होंने कहा कि कब्रिस्तानों के चहारदीवारी मामले में जिले से मिली रिपोर्ट से आयोग नाराजगी जताई। चेश्रमैन ने कहा कि जिलें में वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार द्वारा 63 कब्रिस्तानों की चहारदीवारी बनाने की स्वीकृति दी थी और राशि भी भी मुहैया कराई गई थी, लेकिन 63 में से 16 कब्रिस्तानों की चहारदीवारी का काम ही अब तक पूरा हो पाया है। 24 कब्रिस्तान में चहारदीवारी का काम प्रगति पर है और 23 कब्रिस्तानों में चहारदीवारी करने के लिए एग्रीमेंट कियाा गया है। राशि भी उपलब्ध करा दी गयी है, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे आयोग ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जल्द से जल्द चहारदीवारी का काम शुरू करने का निर्देश दिया है।आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों की भी समीक्षा की गई।

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

–: आम सूचना :–

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बड़कागांव डाक बंगला के सामने बने 24 दुकानों के ऊपर 24 दुकानों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 18.09.2024 को 2:00 बजे अपराहन् में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 334623 District(24-25)D

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सदर प्रखण्ड अन्तर्गत जिला परिषद बस पड़ाव परिसर अन्तर्गत खाली पड़े दुकान संख्या–02 एवं 03 की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 18.09.2024 को 2:00 बजे अपराहन् में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते है, वे निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 334626 District (24-25)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/12/2024-25/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | BOQ की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Gr_3 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत अमरवाडीह ग्राम बानालात में सत्यनारायण सिंह के घर से पीपल पेड़ P.W.D रोड़ तक शिव मंदिर होते हुए पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 4083421 | 81700 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.09.2024 से दिनांक 11.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.334581 Rural Development(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/03/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिला के मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत घाघरा से हेसेल जाने वाले पथ में करंजुवी के पास बनई नदी में उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,31,07,400/– | 6,62,200/– | 10,000/– | 18 माह |
| 2 | खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत जुरदाग में तेतरटोली नाला पर पुल निर्माण। | 2,58,75,900/– | 5,17,600/– | 10,000/– | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 05.09.2024 से दिनांक 11.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, खूँटी
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.09.2024 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी।

PR 334627 Rural Development(24-25)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-12/2024-25

पत्रांक:–607 दिनांक :–03.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 11.09.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 12.09.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.09.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of SamudayikBhawan at Chour Near- Chabutra, Panchyat-Aara, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 2. | Construction of SamudayikBhawan at kari in AAdimJanjatiBirhorTolaPanchyat-Moktama, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 3. | Construction of SamudayikBhawan at Chiretwa Near-Chabutra, Panchyat-Godhai, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 4. | Construction of SamudayikBhawan at TapezBeside Agriculture Building, Panchyat - Dewariya, Block-Chatra, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 5. | Construction of SamudayikBhawan at Budhigada Near-BhuiyanToliMandap, Panchyat-Joldiha, Block-Hunterganj, Dist-Chatra for the year 2024-25. | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 6 | Construction of SamudayikBhawan at Bihiya, Panchyat-Daha, Block-Hunterganj, Dist-Chatra for the year 2024-25 | 40,22,250.00 | 80500.00 | 5000.00 | 04 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 334615 (Building) 24-25 (D)

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग

सामयिक सूचना अंक 02/2024–25

प्रिय किसान बंधुओ,

वर्तमान खरीफ मौसम में धान फसल की रोपनी का कार्य लगभग हो चुका है धान फसल में बरसात के समय में कीट/व्याधियों का प्रकोप होने की अधिक संभावना रहती है । इसलिए इससे बचाव हेतू निम्नलिखित सुझाव दिये जा रहें है :–

1 खेत में लगे फसलों की नियमित निगरानी करें ।
2 मित्र कीटों की पहचान करके उसका संरक्षण करें ।
3 संतुलित खाद का प्रयोग करें ।
4 फेरोमेन ट्रैप एवं प्रकाश फंदा का प्रयोग करके कीटों की संख्या में कमी लायी जा सकती है ।
5 चिड़ियों के बैठने के लिए खेतो में जगह–जगह (T) आकार का बॉस का पट्टियॉ गाड़े ।

**धान फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं नियंत्रण के उपाय**

1 **धड़ छेदक/ तना छेदक** – इस कीट के पिल्लु पौधों के सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुँचाते है । नवजात पिल्लु पौधे के गभ्भे में प्रवेश कर अन्दर के भाग को खाकर छेद कर दते है फलस्वरूप पत्ती का केन्द्रीय चक्र नही खुल पाता है और भुरा होकर गम्भा सूख जाता है । जिसे आसानी से खींच कर निकाला जा सकता है।
**बचाव** – कार्टाप हाइड्रोक्लाइड 4G, 20 Kg/h या कार्बोफ्यूरान 3G, 20 Kg/h दानेदार दवा बालू में मिला कर भूरकाव करे ।

2 **दीमक** –श्रमिक कीट पीलापन लिये हुए सफेद रंग के पंखहीन होते है जो उग रहे बीज, पौधों की जड़ो को खाकर क्षति पहुँचाते है ।
**बचाव** – क्लोरपायरीफॉस धूल 25 Kg/h की दर से बालु में मिलाकर भुरकाव करें ।

3 **पत्र लपेटक** – पौधे की वृद्धि अवस्था में इस कीट के पिल्लू पत्ती को लपेटकर इसके अन्दर रहकर पत्ती की हरियाली को चाट जाते हैं फलस्वरूप पत्तियॉ सफेद झिल्लीनुमा हो जाती एवं पौधे की वृद्धि रूक जाती है ।
**बचाव** – लम्बडा साइलोथ्रीन 5% EC 500 ml/h की दर से 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें । क्लोरपायरीफॉस 20 प्रतिशत ई0 सी0 एक लीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें ।

4 **भुरा मधुआ एवं उजली पीठवाला मधुआ** – दोनों ही कीट पौधों के आधार पर रहकर पौधों के धड़ से रस चूसते हैं । पौध वृद्धि की शुरूआती अवस्था में कीट का आक्रमण होने पर कल्लों की संख्या एवं पौधे की ऊँचाई कम हो जाते हैं एवं अधिक आक्रमण की स्थिति में पत्तियॉ पीली पर जाती है एवं खेत जली हुई दिखाई पड़ती है ।
**बचाव** – इमिडाक्लोपिरिड 17.8 प्रतिशत या ऑक्सीडेमेटोन मिथाइल 25 प्रतिशत 1–2 मि0 ली0/ लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें ।

**धान फसल में लगने वालें प्रमुख बिमारियों एवं नियंत्रण के उपाय** –

1 **झुलसा या ब्लास्ट** – इस रोग का आक्रमण मुख्य रूप से पत्ती एवं बाली की गर्दन पर होता है । पत्तियों पर नॉव या ऑख के आकार के भूरे धब्बे बनते है इस रोग का आक्रमण गॉठ पर होने पर गॉठ काला होकर वहीं से टूट जाता है । बाली निकलने की अवस्था में गर्दन भाग ग्रसित होने पर बाली दूर से झुकी हुई दिखाई देती है ।
**बचाव** – ट्राईसाक्लाजोल 75 प्रतिशत या एडिफेनाफास 1 मि0 ली0 / लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।

2 **धड़ सड़न** – इस रोग का आक्रमण साधारणतः कल्ले निकलने की अवस्था में पानी की सतह के ठीक उपर पत्ती के बाहरी पटल पर स्लेटी रंग के धब्बे या घाव के रूप में होता है जो बाद में सफेद हो जाते है।
**बचाव** – हेक्साकोनाजोल 5 प्रतिशत 1 मि0 ली0 / लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।

3 **पत्र लांछन या भूरा धब्बा** – पत्तियों एवं दानों पर गोल से अंडाकार गहरे भूरे रंग के धब्बे इस रोग के प्रमुख लक्षण है ।
**बचाव** – मैंकोजेब 75 प्रतिशत या कॉपर ऑक्सी क्लोराइड 50 प्रतिशत 2 –3 ग्राम / लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।

4 **अभासीकंड** – इस रोग का आक्रमण धान की बाली पर होता है जिससे रोगग्रस्त दाने के अन्दर कवक अण्डाशय को एक बड़े हरे मखमली रूप में बदल देता है जो कि धान के आकार से करीब दो गुना होता है जिसे किसान भाई लावा फुटना कहते हैं ।
**बचाव** – कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 2 ग्राम /लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 334618 Agriculture(24-25)#D

## एक नजर

### गोली लगने से युवक जख्मी

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज से सटे बिहार के औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के लखनपुर बारा गांव निवासी नारायण सिंह का 21 वर्षीय पुत्र सौरभ सिंह गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मंगलवार की देर शाम हरिहरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। गोली उसके पीठ में लगी थी और वह गंभीर स्थिति में था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे यहां से रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार घटना हरिहरगंज से सटे बिहार के टंडवा रोड़ में घटी है। सूचना मिलने के बाद औरंगाबाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### बिहार के युवक की पीट-पीटकर हत्या

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बेलौदर मोड़ के समीप औरंगाबाद के एक 23 वर्षीय युवक की कुछ लोगों द्वारा पीट-पीटकर हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना का अंजाम देने वाले लोगों ने हत्या को दुर्घटना का रूप देने की भी कोशिश की। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के कांडी गांव निवासी लूटन सिंह का पुत्र अंकित सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि इस घटना में शिशु कुमार, पप्पू तिवारी, निखिल कुमार, सोनम कुमार सहित कई अन्य लोग भी जख्मी हुए हैं। मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि अंकित अपने छह दोस्तों के साथ सोमवार की शाम हरिहरगंज में पार्टी करने गया था। एनएच 139 पर बेलौदर मोड़ के समीप बाइक एक स्कॉर्पियो से टकरा गयी। इसी बात को लेकर स्कॉर्पियो पर सवार लोगों ने अंकित व उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। तमाम दोस्त किसी तरह भाग निकले, लेकिन अंकित अकेला पड़ गया। उक्त लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। इसकी सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि स्कार्पियो सवार लोगों ने साक्ष्य छिपाने के लिए बेलौदर मोड़ मेन रोड़ पर बाइक के साथ उसे फेंक दिया, ताकि दुर्घटना में मौत प्रतीत हो सकें। परिजनों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### लोहरदगा में एडल्ट बीसीजी टीकाकरण शुरू

**लोहरदगा :** जिले में एडल्ट बीसीजी कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन अमरेन्द्र नाथ डे, डीटीओ डॉ एसएन सिंह, डीएस शंभू नाथ चौधरी, एसएमओ डॉ विनायक, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट आरुष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में एडल्ट बीसीजी का सबसे पहला टीका लगवाया। साथ ही डीएस शंभू नाथ चौधरी, आरसीएच पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो, डीटीओ डॉ डीएनए सिंह ने भी एडल्ट बीसीजी के टीके लगवाये। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में कुल जनसंख्या का 20 प्रतिशत टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल 31,802 लाभार्थियों का चिह्नित किया गया है, जिसमें 19 हजार लाभार्थियों का प्री रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि टीबी का प्रथम डोज 0-1 वर्ष के बच्चों को दिया जा रहा है लेकिन अब व्यस्क लोगों को भी बीसीजी का टीका लगाया जायेगा, जिससे राज्य को टीबी मुक्त किया जा सके। डीपीसी अनुराग कुमार ने बताया कि व्यस्क बीसीजी प्रतिरक्षण के लिए सहमति प्रदान करने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों, पांच वर्ष पूर्व तक टीबी रोग का उपचार ले चुके व्यक्ति, तीन वर्ष पूर्व तक के टीबी रोगी के संपर्क में रहने वाले, धुम्रपान करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्ति को टीका लगाया जायेगा।

# बेरोजगारी का दंश झेल रहे नौजवान केंद्र एवं राज्य दोनों जिम्मेवार : रूचिर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद ने किसान मांग दिवस के अवसर पर पलामू आयुक्त के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव किया जिसका नेतृत्व भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने किया प्रदर्शन से पहले रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाल कर उपायुक्त कार्यालय के गेट को जाम किया गया प्रदर्शन के दरमियान हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ आदि नारे लगे सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज पलामू जिला शहीद पूरे देश के नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल चल रहा है सरकारी सेक्टरों को कौड़ी के दामों में प्राइवेट कंपनियों को बेचा जा रहा है कंपनियां नौजवानों के श्रम का शोषण कर रहे हैं देश के प्रधानमंत्री प्रतिवर्ष 2 करोड़ राज्य सरकार 5 लाख रोजगार देने की बात का लेकिन रोजगार देने के नाम पर दोनों सरकारों ने नौजवानों को झुनझुना थमाया। वहीं प्रधानमंत्री अबुआ आवास योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा किसने की उनके फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है निगम वासियों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है किसानों को पैक्स के माध्यम से मिलने वाला खाद की कालाबाजारी की जा रही है ऐसी स्थिति में आम जनता के पास संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं रह गया है। सभा को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि पलामू जिला सहित निगम कार्यालय में भारी लूट मची हुई हैं। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कृष्ण मुरारी दुबे ने कहा कि देश में अडानी और अंबानी का राज चल रहा है मोदी जी इन दोनों के हाथों के कठपुतली बने हुए हैं। केडी सिंह ने कहा कि आज देश में किसानों की हालत बाद से पत्थर हो गई है जिसका जिम्मेवार केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार है। अभय कुमार भूइंया ने कहा कि पलामू गढ़वा को जोड़ने वाली कोयल पुल में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है लेकिन इस और भाजपा के सांसद और विधायक का कोई ध्यान नहीं। उमेश सिंह चेरो ने कहा कि गरीब आदिवासियों को सभी भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने ठगने का काम किया इस बार जनता उनको हराकर सबक सिखाएगी। सभा में सुरेश ठाकुर, समसुद्दीन अंसारी, भोला सिंह, नसीम राईन, करीमन पासवान, सोनू मोहम्मद, राजेंद्र बैठा, मोमुदीन अंसारी, लखन राम, जनेश्वर राम, प्रभु साहू, गणेशा राम, पूरन चंद साव, गनौरी भुइया, मृत्युंजय तिवारी, बिमला कुअंर, रांती देवी, फेकन उरांव, मुनेश चौधरी, हजारों लोगो उपस्थित थे अंत में 12 सूत्री मांग पत्र उपयुक्त पलामू को सौंपा गया।

## खूंटी के गांवों में नुक्कड़ नाटक के जरिए सरकारी योजनाओं की दी जानकारी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुरहू प्रखंड के दिगड़ी सहित कई गांवों में जागरुकता कार्यक्रम चलाया। मौके पर श्रेत्रीय भाषा में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक एवं गीत-नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। संचालित सरकारी योजनाओं से संबंधित पंपलेट का वितरण कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। एलईडी वाहन के माध्यम से लोगों को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शिविर तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया गया।

## 16 करोड़ की लागत से सात पुराने जर्जर सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के गोबिन्दपुर, बलियारी, करमा, मायापुर, पुरनीडीह, मोकामो, बकराडीह पथ तथा पावापुर- धोवारी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को किया गया। उक्त सभी सडकों का शिलान्यास बिधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर व नारियल फोडकर किया। इस दौरान इन गांवों में ग्रामीणों ने बिधायक का गाजेबाजे के साथ स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आज जिन 7 पुराने जर्जर सडकों के सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया गया। इन सभी सडकों का मुख्यमंत्री सडक योजना के तहत सुदृढ़ीकरण 16 करोड़ की लागत से होगी। आगे कहा कि क्षेत्र के सभी पुराने व जर्जर हो चुके सडकों के सुदृढ़ीकरण, कच्चे सडकों का पक्कीकरण व क्षेत्र के सभी प्रमुख नदी घाटों पर पुल-पुलिया का निर्माण हमारी प्राथमिकता में है। हम प्रयास कर कार्यों को धरातल पर उतार रहे हैं और आगे भी उतारते रहेगें बस आपसबों का प्यार व सहयोग मिलता रहे। क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हमारी प्राथमिकता है। हम क्षेत्र के सभी गांवों के सडकों को पक्की सडक बनाने, नदियों में पुल का निर्माण ,शिक्षा, स्वास्थ्य समेत सभी क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहें हैं। मौके पर जिप सदस्य लालमणि यादव पूर्व जिप सदस्य मनोज पाण्डेय, जिम्मी चौरसिया, मुखिया सुनीता देवी, पंकज महतो, बलदेव महतो, सोनू पाण्डेय, अमृत शर्मा, वजीर मंडल, दुर्गा महतो, संजय यादव, डालेश्वर यादव, बहादुर महतो, यशोदा देवी, लाल मोहम्मद, श्याम सुन्दर प्रसाद, बासुदेव पण्डित, कामेश्वर यादव, घनश्याम यादव, कुश कुशवाहा, अमन पाण्डेय, शुभम मिश्रा, मनोज विश्वकर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संगठन से मिले कार्य को कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक करें : अर्जुन मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** पूर्व कंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन से मिले कार्य को ईमानदारी पूर्वक करें। अर्जुन मुंडा मंगलवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज की बैठक पूरी तरह से कामकाजी बैठक है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भाजपा कार्यकर्ता कोई वेतनभोगी नहीं, वे स्वाभिमानी कार्यकर्ता हैं। सबको सहयोगी बना कर कार्य करें, निश्चित ही संगठन मजबूत होगा। हम सभी सशक्त तरीके से संगठन के विचारों को समझ कर कार्य करें। मुंडा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं से सुझाव भी लिये। राज्य सरकार नीतियों पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की नीति है, पहले परीक्षा लिखो, फिर दौड़ो और झारखंड सरकार की नीति है हले दौड़ो फिर परीक्षा लिखो, ये तो यही हुआ। कि पहले मरो, बचोगे तो करोगे। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री और क्लस्टर प्रभारी केदार कश्यप ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग मिलकर पार्टी को चला रहे हैं। इसलिए मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं। मंत्री ने कार्यकताओं का सोशल मीडिया का उपयोग कैसे करना है, इसे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करने के दौरान जो समस्या उत्पन्न हो, उसे मिलजुल कर त्वरित समाधान करने का प्रयास करना है। दक्षिणी प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को आनेगाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक सुझाव दिये। उन्होंने बूथ के साथ ही शक्ति केंद्र को ससक्त बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिये।

## जमीन विवाद में हत्या के मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के चर्चित जमीनी विवाद के मामले में पाँच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डालटनगंज, पलामू की अदालत ने यह सजा 2017 में हुए हत्या के एक मामले में सुनाई। दोषियों पर 10,000-10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है, जिसे न चुकाने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला 11 अगस्त 2017 को हरिहरगंज थाना कांड सं0-61/2017 के तहत दर्ज किया गया था। वादिनी उषा कुवँर ने अपने पति जगरेश सिंह की हत्या के आरोप में पांच व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि जमीनी विवाद के चलते अभियुक्त प्रमोद भुइंया, जगनरायण भुइंया, अजीत भुइंया, मुकुल भुइंया, और रामजी भुइंया ने मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की और जगरेश सिंह की हत्या कर दी।अदालत ने दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियुक्तों पर 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना न देने की स्थिति में, उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कांड का अनुसंधान करने वाले अधिकारी स०अ०नि० मुस्तफा हुसैन के अनुसार, इस मामले में दोषियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस और अभियोजन पक्ष ने ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए। इस सजा से समाज में एक मजबूत संदेश जाएगा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभियोजन कोषांग के प्रभारी ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है और इसे न्याय की जीत बताया है।

# जिलास्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण कमेटी की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलास्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिये क्या-क्या किया जा सकता है। इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में बोर्ड की सदस्य आयशा सिंह किन्नर ने कहा कि हमारे समुदाय की नयी पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आवश्यक है कि वे शिक्षित हों और इसके लिये आवश्यक है कि समाज अपना दृष्टिकोण हमारे प्रति बदले जिससे हमारे ट्रांसजेंडर समाज का विकास हो। विशेष शिविर के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय का बनाया जायेगा राशन, आधार व वोटर कार्ड बैठक में आयशा सिंह किन्नर ने अपने समुदाय का आवश्यक दस्तावेज बनवाने पर बल दिया। इसपर डीसी ने सभी संबंधितों को एक तिथि तय कर विशेष शिविर के माध्यम से सभी का राशन, आधार व वोटर कार्ड बनवाने की बात कही। गरिमा गृह व आवास का भी होगा निर्माण बैठक में आयशा सिंह ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिये गरिमा गृह के निर्माण को लेकर भी अनुरोध किया। इस पर डीसी रंजन ने उन्हें आश्वत किया कि जमीन तय होने के पश्चात निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। वहीं ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए निजी आवास का भी निर्माण किया जायेगा। आयशा सिंह ने असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी का भी मुद्दा उठाया इसपर सदर एसडीपीओ को उचित कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, आयशा सिंह किन्नर, सपना किन्नर समेत अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर चालकों पर होगी कार्रवाई : समाल अहमद



**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदिनीनगर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पलामू एस पी रिस्मा रमेशन के निर्देश पर शहर के रेडमा चौक एवं कचहरी चौक पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में ट्रैफिक के पुलिस जवानों ने वाहनों का संघन जांच किया गया। जिसमें कुछ मोटरसाइकिल के चालक बिना हेलमेट एवं बिना लाइसेंस के तथा ट्रिपल लोड पकड़े गये वैसे सभी वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा हेतु रखा गया है। ट्रैफिक प्रभारी अहमद ने बताया की ट्रैफिक नियमों के उलंघन मे 11 मोटरसाइकिल को जब्त कर परिवहन कार्यालय फाइन हेतु भेजा गया है। पलामू पुलिस की अपील हेलमेट लगाकर सुरक्षा के साथ चले अपने परिवार को भी सुरक्षित रखें यातायात नियमों का पालन करें।

### झारखंड में हेमन्त सोरेन सरकार का जन विरोधी चेहरा बेनकाब : सतीश



**मेदिनीनगर (पलामू) :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 30 अगस्त से 15 सितंबर तक सरकार ने चला कर अपना वोट बैंक को मजबूत करने का अन्तिम प्रयास कर रहा है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि पिछले साल इस योजना का आवेदन पर आज तक बिचार नहीं हुआ। यहाँ तक कि शिविर में दिया गया आवेदन कुडादान मे नजर आया। आनस्पोर्ट कार्यान्वयन की बात थोथी दलील निकाला पुनः इस योजना को चालू कर जनता को गुमराह करने के लिए तैयार किया गया है। अंचल और प्रखंड कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों को पुरी छुट मिल गई है कोई काम नहीं हो रहा है, जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाणपत्र स्थानीय प्रमाणपत्र के लिए जनता कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। जमीन का मुटेसन बन्द है। सरकारी कार्य पूरी तरह ठप है। सरकार दिखावा के लिए व वोट बैंक मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया है जो पुरी तरह फ्लाप है। पलामू में तो पुरानी कार्यान्वित योजनाएं को दिखाकर प्रशासन प्रचार प्रसार कर रही है।जनता की कोई काम नहीं होगा बल्कि जन अरमानों को रौंदा और कुचला जाएगा। इस योजना के समाप्ति पर जनता अपने समय बरबाद पर खुद को कोसेगी। पुराने इस योजना पर कितना कार्य हुआ, सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। ये जनता के अरमानो को कुचलने की बड़ी साजिश सरकार ने की है। जिस तरह पुर्व मे ये सरकार ने तिकड़म का सहारा लेकर आरक्षण व स्थानीय नियोजन नीति व सरना धर्म कोड का षडयंत्र के तहत बिपक्ष पर ठिकरा फोड़ने का असफल प्रयास किया ठिक उसी तर्ज पर मईया सम्मान योजना को खुद उच्च न्यायालय मे पी आई एल करा कर फसाने का प्रयास किया है।उत्पाद बिभाग के बहाली मे दर्जनों नौजवानों के मौत का जिम्मेवार हेमंत सोरेन सरकार ने अन्ततः बहाली पर रोक लगा कर अपना चेहरा बेनकाब कर लिया है। इन्डिया गठबन्धन की सरकार ने झुठ लुट और भ्रष्टाचार के सहारे सरकार चला कर झारखण्ड को कलंकित किया है अब अन्तिम समय में भी जनता को गुमराह करने में थोड़ा भी नहीं शर्मा रही है। जनता इनके तिकड़म का अगामी चुनाव में मुँहतोड़ जबाब देगी।

### बगैया में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने जितेंद्र कुमार



**पाटन (पलामू) :** पाटन प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बगैया मे मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी संजय कुमार उपस्थित हुए। वही बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य उमाशंकर मोची ने की है। बैठक में स्कूल से लाभान्वित सभी ग्रामीण जनता उपस्थित हुए। ग्रामीणों के सर्व सहमति से 16 सदस्य कमेटी बनाई गई। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव व उपाध्यक्ष सूर्यवंती देवी को बनाया गया। प्रबंधन समिति के सदस्य इफ्तिखार अहमद, अशोक यादव, रमुज खान, पंकज कुमार यादव, जसीम खान, नाजिया बीवी हसीना बीवी, नीलम देवी, रीता देवी अभिषेक कुमार, बाल संसद रिशु कुमार को बनाए गए। बैठक में मुख्य रूप से स्कूल के प्रधान अध्यापक सह संयोजक जितेंद्र कुमार,वार्ड सदस्य सुरेंद्र यादव वार्ड सदस्य आरती देवी मौजूद रहे। बैठक में संयोजिका पद के लिए चुनाव भी किया गया जिसमें संयोजिका के लिए अनीता देवी को चयनित किया गया। वह शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नावाजयपुर थाना के एसआई आरडी प्रसाद दलबल के साथ उपस्थित रहे। मौके पर ग्रामीण रामदेव यादव, इतिलायस खान, मोहम्मद असलम जमाली,अजय कुमार यादव रितेश यादव शीतल यादव योगेंद्र यादव अश्वनी बक्सराय सुरेंद्र बक्सराय सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित है।

### बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कार्यपालक अभियंता के आश्वासन के बाद स्थगित

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर विकास मंच के द्वारा 4 सितंबर को प्रस्तावित बिजली विभाग की अनियमितता के खिलाफ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम कार्यपालक अभियंता के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता ने छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन को आश्वासन देते हुए बताया कि सिलदाग गांव को ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया है। अभी ट्रांसफार्मर की किल्लत चल रही है, लेकिन जल्द ही करमाकला, कउवल के बीहड़ गांव, महुलनिया और अंताकला को भी ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने बताया है कि करमा कला को ट्रांसफॉर्मर दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए की वसूली बिजली विभाग के एक स्थानीय संवेदक के द्वारा की गई है। साथ ही सिलदाग के ग्रामीणों से 25 केवी के ट्रांसफॉर्मर के बदले भी 35 हजार रुपये रिश्वत मांगी गयी थी। इसकी सूचना जब समाजिक कार्यकर्ता सह विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमून को मिली तो उन्होंने इसका कड़ा प्रतिरोध किया और वसूली के खिलाफ आंदोलन की बात कही और विभाग के भ्रष्ट कर्मी और संवेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग विभाग के महाप्रबंधक से की है। अरविंद ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि ग्रामीणों से लिये गए पैसे अविलम्ब वापस कराया जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पैसा वापस नहीं कराया गया तो इसकी शिकायत वे ऊर्जा विभाग के सचिव और मुख्यमंत्री से भी करेंगे। अरविंद ने कहा कि अभी तक मसिहानी के लोगों का सेपरेट ट्रांसफॉर्मर नहीं लग पाया है लोग लो वोल्टेज से परेशान हैं जबकि डीपीआर दो वर्ष पूर्व ही बन कर तैयार है।




# बैंकिंग सेक्टर में भी इस तरह बन सकते हैं लीडर

**जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है।**

किसी भी सेक्टर में या किसी भी ऑफिस में, ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों को उनका काम करने में मार्गदर्शन देते हैं। जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है। कारण यह कि बैंक में किसी भी दिन ऐसी कई स्थितियां बन सकती हैं, जिनमें संभव है कि ब्रांच मैनेजर भी न समझ पाए कि क्या किया जाना चाहिए। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि ब्रांच में कोई तो हो, जो रास्ता दिखा सके। एक बैंकर को अच्छा लीडर बनाने वाले गुण इस प्रकार हैं –

## त्वरित बुद्धि

यह सबसे ज्यादा जरूरी है क्योंकि जब भी पैसों संबंधी कोई समस्या उठ खड़ी होती है, तो अक्सर लोगों का दिमाग काम करना बंद कर देता है। आखिर सवाल रुपए-पैसों का जो है! ऐसी स्थिति में एक लीडर की त्वरित बुद्धि के चलते उसके समक्ष एक नहीं, अनेक उपाय उठ खड़े होंगे। तब वह उनमें से श्रेष्ठ उपाय को चुनकर लागू करेगा।

## ठंडा दिमाग

लीडरशिप के लिए यह बहुत जरूरी होता है। बैंकिंग में आपका पाला कई लोगों से पड़ेगा और सब एक जैसे नहीं होंगे। ऐसे भी लोग होंगे, जो बैंक में आकर आपसे या स्टाफ के किसी अन्य सदस्य से बहस करेंगे लेकिन ऐसे में आपको अपना संतुलन नहीं खोना है। याद रखें, वह व्यक्ति तो अपना काम कराकर चला जाएगा लेकिन यदि आप गरम दिमाग से दिन भर काम करेंगे, तो आपसे जरूर कोई-न-कोई गलती हो ही जाएगी! इसलिए लीडर के लिए हर हाल में शांत बने रहना जरूरी है। वैसे भी ग्राहक तो ग्राहक होता है और बैंक कर्मचारी के तौर पर आपका काम उसकी सेवा करना ही है।

## लचीलापन

लीडर होने का यह मतलब नहीं कि आप अपनी मर्जी से लोगों को हांक लेंगे। यह संभव नहीं कि किसी के पास हर समस्या का समाधान हो। हो सकता है कि आपके पास किसी समस्या का समाधान न हो लेकिन किसी और के पास यह होगा। आपको उस शख्स की मदद लेनी होगी ताकि काम हो सके। एक सच्चा लीडर इतना लचीलापन हमेशा रखता है।

## अच्छे संबंध रखें

बैंकिंग में यह बहुत जरूरी है क्योंकि बैंकिंग का व्यवसाय मूल रूप से विश्वास पर ही टिका होता है। आपको ब्रांच के हर कर्मचारी तथा ग्राहक के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखने होते हैं। इससे ब्रांच में माहौल सकारात्मक बना रहता है।

## दूसरों का सहारा बनें

गलती हर किसी से होती है और बैंकिंग में होने वाली गलती पैसे से जुड़ी ही होगी। बैंकर के रूप में, आपको जरूरत के समय अपने साथियों का साथ देना चाहिए। इससे उनकी नजरों में आप सच्चे लीडर होंगे।

## लगन व परिश्रम

लीडर होने का मतलब है दूसरों के लिए मिसाल पेश करना और लगनशील व परिश्रमी होने की मिसाल से बेहतर क्या हो सकता है? जब साथी आपको मेहनत कर परिणाम प्राप्त करते देखेंगे, तो वे भी ऐसा ही करने को प्रेरित होंगे।

## औरों से दो कदम आगे रहें

बैंकिंग जैसे प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में यह बहुत जरूरी है कि लीडर अपनी सोच और अपने व्यवहार में दूसरों से हमेशा दो कदम आगे रहे। तभी तो वह अपने संस्थान को आगे ले जा पाएगा।





# फोटोग्राफी की इन शाखाओं में बना सकते हैं शानदार करियर

फोटोग्राफी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस बात को ऐसे भी समझा जा सकता है कि किसी बात को कहने में जहां हजार शब्दों की जरूरत पड़ सकती है, वहीं एक फोटो हजार शब्दों को बयां कर देता है। फोटोग्राफी में करियर बनाने के लिए इस फील्ड में अनुभव के साथ इसका शौक होना भी बहुत जरूरी है। यह क्षेत्र न सिर्फ अच्छा पैसा देता है, बल्कि ग्लैमर से भी जुड़ा हुआ है।

## क्या आपमें है धैर्य?

इस क्षेत्र में सफल होने के लिए एक मूलमंत्र है धैर्य। अच्छे क्लिक के लिए धैर्य की बहुत जरूरत होती है। फिर चाहे आप किसी भी माहौल में काम कर रहे हों। तनावपूर्ण माहौल हो या भीड़ भरे इलाके, फोटोग्राफर को अच्छा परिणाम देने में सक्षम होना पड़ता है। फोटोग्राफर और सिनेमेटोग्राफर के लिए अपनी आंखों का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। उसके लिए उसका कैमरा ही उसकी आंखें है। इसके अलावा, फीलांस फोटोग्राफर या व्यवसायिक फोटोग्राफरों के पास तकनीकी कौशल के साथ व्यापारिक समझ भी होनी चाहिए। तकनीकी पहलू लाइटिंग, लैंस, रिफलेक्टर, फिल्टर और सेटिंग्स जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके ही फोटोग्राफर किसी पिक्चर को कैप्चर करते हैं। इसी के साथ अच्छी फोटो खींचने के लिए कई चीजों के समायोजन की जरूरत होती है, जैसे कैमरे की क्वॉलिटी, सब्जेक्ट, लाइटिंग, फोटोग्राफर का कौशल आदि। डिजिटल कैमरों में इलेक्ट्रॉनिक मेमरी का इस्तेमाल किया जाता है। इन तकनीकों की जानकारी होना आज के समय में जरूरी है।

## फोटोग्राफी की शाखाएं

फोटोग्राफी की कुछ खास शाखाएं हैं, जिनमें आप अपना करियर बना सकते हैं। ये इस प्रकार हैं –

**विज्ञापन/ फैशन** – विज्ञापनों और विज्ञापन एजेंसियों के कार्य के लिए कुशल फोटोग्राफरों की जरूरत होती है। फैशन फोटोग्राफी काफी हद तक एडवर्टाइजिंग फोटोग्राफी के समान ही होती है लेकिन इसमें तकनीक से ज्यादा परिधानों को उजागर करने की क्षमता जरूरी होती है।

**कला/ फिल्म** – आजकल किसी भी फिल्म की मेकिंग से लेकर उसके प्रदर्शन तक सारी गतिविधियां कैमरे में कैद की जाती हैं। इसके लिए हाई क्वॉलिटी और हाई रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है।

**साइंस/ मेडिकल/ तकनीक** – इन क्षेत्रों में कार्यरत फोटोग्राफर कला से ज्यादा महत्व वस्तुपरक दृष्टिकोण को देते हैं, जिससे तथ्य को समझने में आसानी हो सके। फॉरेन्सिक लैब हो या वारदात का स्थान, सभी जगह कई एंगलों से फोटो खींचने होते हैं।

**फोटो जर्नलिज्म** – अगर आप फोटो जर्नलिस्ट हैं, तो तुरंत घटनास्थल तक पहुंचने के साथ ही सबसे पहले प्रेस या स्टूडियो तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी आपको ही निभानी होती है। फोटो जर्नलिज्म में फोटो की श्रृंखलाओं के माध्यम से किसी विषय या घटना के बारे में स्टोरी फाइल की जाती है। आज के डिजिटल दौर में विश्व की प्रमुख घटनाओं को फोटो के माध्यम से कवर करने का रुझान तेजी से बढ़ा है।

## कैसे करें शुरूआत?

बारहवीं या ग्रेजुएशन के बाद इस फील्ड में प्रवेश लिया जा सकता है। इस कोर्स को सरकारी या निजी स्तर पर कई संस्थान कराते हैं। कोर्स करने से पहले बेसिक फोटोग्राफी का ज्ञान हासिल कर लेना अच्छा रहता है। बेहतर होगा कि एक डिजिटल कैमरा लेकर इसकी शुरूआत कर दी जाए। जब आपको लगे कि आप इस कोर्स के लिए पूरी तरह तैयार हैं, तो फिर डिजिटल एसएलआर खरीदकर प्रोफेशनली इससे जुड़ जाएं।

## प्रशिक्षण भी अहम

फोटोग्राफी के प्रशिक्षण के लिए किसी अच्छे संस्थान से फाइन आर्ट्स या मास कम्युनिकेशन कोर्स करके अच्छा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। वहीं मोशन फोटोग्राफी का प्रशिक्षण फिल्म एवं टेलीविजन संस्थानों द्वारा दिया जाता है। सबसे पहले किसी अच्छे संस्थान में प्रवेश लेना जरूरी है। इनमें फोटोग्राफी कला का अध्ययन कराया जाता है। इससे आपको मूलभूत जानकारी प्राप्त हो सकेगी। जब आपको लगे कि आप पर्याप्त सक्षम हो गए हैं, तो किसी एक्सपर्ट फोटोग्राफर के साथ काम कर बारीक चीजों को भी सीख सकते हैं। फिर उच्च शिक्षण संस्थान की ओर रुख कर सकते हैं। यदि यह तरीका न भाए, तो दूसरे तरीके से फाइन आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स, मास कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म जैसे कोर्स में प्रवेश लें। इसमें आपको फोटोग्राफी मुख्य कोर्स के तौर पर पढ़ाई जाएगी। ध्यान रहे, प्रशिक्षण आपको तकनीकी पहलुओं की जानकारी दे सकता है लेकिन नए विचार और व्यक्तिगत स्टाइल तो स्वयं ही विकसित करनी होती है। व्यवहारिक ज्ञान यहां सबसे जरूरी होता है।



# इन टिप्स को अपनाकर बन सकते हैं एक अच्छा मैनेजर

**किसी भी संस्थान में एक मैनेजर की अहम भूमिका होती है। अगर आप भी अपने करियर में आगे बढ़ते हुए इस पद पर पहुंच गए हैं या पहुंचना चाहते हैं तो आपको अपने कार्यक्षेत्र के अलावा और भी चीजों पर ध्यान देना होगा। आपको अपनी सॉफ्ट स्किल्स की असली परीक्षा यही देनी होती है। एक लीडर के रूप में आप सभी सफल हो सकते हैं जब आपके कर्मचारी आपके साथ खुश, प्रेरित और उत्साहित महसूस करें।**

## कर्मचारियों को प्रेरित करना

अगर आप अपनी टीम का सम्मान करेंगे तो वे आपका सम्मान करेंगे। आपको उनकी हर छोटी-बड़ी चीजों का एप्रिशियेट करना होगा। उनसे अपने काम की ही फीडबैक न लेते रहें, बल्कि उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को शेयर करने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

## फील गुड कराएं

कर्मचारियों से केवल काम लेना है, ऐसी सोच आपके अच्छे मैनेजर बनने का गुण नहीं है। एक सफल मैनेजर में अपने कर्मचारियों की अच्छी बातों और क्षमताओं को पहचाने की समझ होती है। उनका मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें ऐसा माहौल दें कि वे बेहिचक काम कर सकें।

## पीठ पीछे भी प्रशंसा

आपको उनके काम, व्यवहार, उदारता की तारीफ उनके सामने तो करनी ही चाहिए। साथ ही आपको उनके पीठ पीछे भी तारीफ करना चाहिए। एक कर्मचारी जो जानता है कि उसकी कितनी प्रशंसा की जाती है तो वह ज्यादा मेहनत करेगा, अपने काम में ज्यादा आनंद लेगा और इस मानसिक खुशी को वह दूसरे कर्मचारियों के साथ बांटेगा।

## जिम्मेदारी सौंपे

आप एक मैनेजर है क्योंकि आप अपने काम में एक्सपर्ट है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सारा काम खुद करना है। आपको यह समझ होनी चाहिए कि कौन सा काम,कौन सा कर्मचारी बखूबी पूरा कर सकता है। आपको अपने कर्मचारी को सीखने और नए अवसर देने की कोशिश करनी चाहिए। धीरे-धीरे जैसे आप उनकी सक्षमता और कमजोरियों को समझने लगें उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी के काम सौंपें।





# मैथ्स में है रूचि तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

गणित मनुष्य के ज्ञान की एक अत्यधिक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई विषय शामिल हैं। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है और आज भी यहां गणित में विश्व स्तर के अनुसंधान करने वाले अनेक संस्थान हैं। गणनाओं में रुचि रखने वाले युवा बड़ी संख्या में गणित को करियर के रूप में चुनते हैं। गणित लगभग सभी वैज्ञानिक अध्ययनों का एक अनिवार्य अंग है। वैज्ञानिक गणित का उपयोग प्रयोगों की रूपरेखा बनाने, सूचना का विश्लेषण करने, गणित के सिद्धांतों द्वारा अपने निष्कर्ष उचित रूप में व्यक्त करने तथा इन निष्कर्षों के आधार पर सटीक भविष्यवाणी करने के लिए करते हैं। खगोल विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान जैसे विषय तो गणित पर ही निर्भर हैं। सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, इंजीनियरिंग आदि भी गणित की ही शाखाओं पर निर्भर होते हैं।

भारत में 135 से भी अधिक विश्वविद्यालय गणित से जुड़े कोर्स चलाते हैं। कुछ विश्वविद्यालय शुद्ध गणित (प्योर मैथमेटिक्स) व अनुप्रयुक्त गणित (अप्लायड मैथमेटिक्स) में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। आप कुछ स्थानों पर चलाए जाने वाले एकीकृत एमएससी पीएचडी डिग्री कोर्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यूं देश में स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले दो विश्व स्तरीय संस्थान हैं भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), बेंगलुरू तथा चेन्नाई गणित संस्थान (सीएमआई), चेन्नाई। आईएसआई से गणित व कम्प्यूटर विज्ञान में बी. मैथ्स डिग्री तथा सीएमआई से गणित की बीएससी डिग्री की जा सकती है। इनमें प्रवेश प्रत्येक वर्ष मई के अंत में देश के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली एक लिखित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। ये दोनों संस्थान ऐसे विद्यार्थियों को भी अपने यहां प्रवेश देते हैं, जो इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आईएनएमओ) में पास होते हैं या किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) अध्येता होते हैं। गणित में विशेषज्ञतापूर्ण कोर्स चलाने वाले देश के अन्य प्रमुख संस्थान इस प्रकार है –

- औद्योगिक गणित में पाठ्यक्रम पुणे विश्वविद्यालय, पुणे में उपलब्ध है।
- न्यूमेरिकल मैथमेटिक्स पाठ्यक्रम मदुरै कामराज विश्वविलय, मदुरै में उपलब्ध है।
- गणितीय अर्थशास्त्र में पाठ्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में उपलब्ध है।
- इसके अलावा एमएससी व पीएचडी कोर्स के लिए देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं –
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई। लिखित परीक्षा तथा उसके बाद साक्षात्कार के माध्यम से इस संस्थान के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), पुणे/ मोहाली/ कोलकाता/ तिरुवनंतपुरम/ भोपाल तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईएसईआर), भुवनेश्वर में भी गणित में एकीकृत एमएससी डिग्री कोर्स उपलब्ध है। आईआईएसईआर विद्यार्थियों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश देता है, जबकि एनआईएसईआर नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (एनईएसटी) के माध्यम से प्रवेश देता है।
- हैदराबाद विश्वविलय द्वारा गणित में एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम चलाया जाता है। यह विश्वविद्यालय जून के आरंभ में आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है।

## विषय एक संभावनाएं अनेक

गणित तथा इससे जुड़े प्रमुख करियर इस प्रकार हैं

### गणितज्ञ

गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

### शिक्षण

गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और विद्यार्थियों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले गणितज्ञों का अध्यापन तथा अनुसंधान में खास योगदान होता है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर

भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

### बैंकिंग


वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधिक प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। मैथ्स व कॉमर्स में रुचि रखने वाले युवा इस क्षेत्र में बढ़िया करियर बना सकते हैं।

### कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट


कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत-लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं।



## हिमाचल में वित्तीय संकट... वेतन और पेंशन नहीं मिला कर्मचारियों को

शिमला । भले ही हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के गहराते वित्तीय संकट के बारे में चिंताओं को दूर करने की कोशिश की हो, लेकिन सेवारत और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की वेतन और पेंशन में देरी ने इस आंशका को सच साबित कर दिया। जब सोमवार को उनके बैंक खातों में कोई भुगतान नहीं किया गया। आम तौर पर वेतन और पेंशन हर माह की पहली तारीख को उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। हालाँकि, रविवार होने के कारण वेतन सोमवार को वितरित किया जाना चाहिए था, जो नहीं हुआ, जिससे दो लाख से अधिक नियमित कर्मचारी काफी चिंतित हैं। अभी भी कोई आधिकारिक बयान नहीं है, कि वेतन कब वितरित होगा, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के साथ-साथ नौकरशाही के बीच भी चिंता है कि गंभीर वित्तीय संकट के बीच स्थिति से कैसे निपटा जाए। हालाकि पिछले शासनकाल में इसतरह के उदाहरण आए हैं जब राजकोष घाटे में चला गया, लेकिन वेतन और पेंशन में कभी देरी नहीं हुई। हालाँकि, इस बार देरी एक दिनचर्या बन सकती है क्योंकि अधिक ऋण जुटाने का कोई प्रावधान नहीं है और राज्य पूरी तरह से केंद्र पर निर्भर है। विडंबना यह है कि एचपी राज्य विद्युत बोर्ड के कर्मचारी और पेंशनभोगी, जिन्हें अतीत में हमेशा देरी से वेतन मिलता था, भुगतान प्राप्त करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। सीएम सुक्खू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया है, जिसका दोष उन्होंने उनके द्वारा शुरू की गई मुफ्त की संस्कृति को दिया है। राज्य विधानसभा में सुक्खू कहना चाहते थे कि इन सभी मुफ्त सुविधाओं ने उस वित्तीय संकट में प्रमुख भूमिका निभाई है जिसका राज्य वर्तमान में सामना कर रहा है। लेकिन उन्होंने सदन के सदस्यों से कहा कि राज्य के खजाने की स्थिति जल्द ही बेहतरी के लिए बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश को 2027 तक आर्थिक रूप से स्वतंत्र राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना चाहते हैं। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि हर बार पेंशनभोगियों और कर्मचारियों को हर महीने की 1 तारीख तक वेतन मिल जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा मैं पहली बार देख रहा हूं जब 3 सितंबर है और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है।

## महिला अपराध पर बोलने से ज्यादा बेहतर... कुछ करना : अनन्या



मुंबई । अभिनेत्री अनन्या पांडे बॉलीवुड की एक जानमान चेहरा हैं, वे अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अब हाल ही में अनन्या ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों तथा सिनेमा जगत में उनके साथ होने वाले बर्ताव पर खुलकर बात की। अनन्या का कहना है कि महिलाओं को बुरे वक्त का सामना हमेशा ही करना पड़ा है, लेकिन आज स्थिति बदली है। वे अब इन मुद्दों पर मुखरता से अपनी बात रखती हैं। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध और बुरे बर्ताव पर अनन्या ने कहा कि जागरूकता बढ़ाना जरूरी है लेकिन समाज में वास्तविक बदलाव लाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। अनन्या ने कहा, महिलाओं ने हमेशा बुरे वक्त का सामना किया है, अब हम इसके बारे में काफी कुछ बोल रहे हैं। इसके बारे में बात करना एक बात है लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है, इस लेकर कुछ करना। उन्होंने कहा, एक महिला और एक कलाकार के तौर पर हम अपने आस-पास के पुरुषों को यह बताकर अपना योगदान दे रहे हैं कि वे इन परिस्थितियों का कैसे बेहतर बना सकते हैं और साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवाज उठा रहे हैं। अनन्या ने कहा कि खासतौर पर कानून के जरिये व्यवस्थागत बदलाव की जरूरत है। सबसे महत्वपूर्ण कदम कानून में बदलाव लाना है और सरकार इसमें कई बदलाव कर रही है।

## मालेगांव में गाउन के बाद अंडरवियर गिरोह की धमक घर और कॉलेज में चोरी

**-पांच लाख का सोना और कॉलेज परिसर से केले चुराकर ले गए**

मुंबई । महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में बीती देर रात कच्छा-बनियान गिरोह बनकर अज्ञात चोरों ने एक घर और कॉलेज से लाखों का माल लूट कर ले गए। पीड़ितों का आरोप है कि एक घर से चोर पांच लाख का सोना और कॉलेज परिसर से केले चुराकर ले गए। चोरों की यह करतूत सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में चोर अंडरवियर और बनियान पहने हुए हैं। पिछले हफ्ते मालेगांव में इसी तरह की एक अन्य घटना में चोर गाउन पहनकर रिहायशी इलाकों में घुसे थे और एक मंदिर के दानपात्र से पैसे चुराकर भाग गए। मालेगांव में अंडरवियर गिरोह की धमक गाउन गिरोह द्वारा अंजाम दी गई चोरी के कुछ समय बाद ही हुई है। उस गिरोह को महिलाओं के वेश में देखा गया। ज्यादातर गाउन पहने हुए कैमरे में कैद हुए थे। इन चोरों ने पिछले सप्ताह मालेगांव के रिहायशी इलाकों में कई घरों को निशाना बनाया। चोरों ने एक मंदिर के दानपात्र से भी पैसे चुराए। बता दें कि चड्डी बनियान गिरोह पहले भी देश के कई हिस्सों में चोरी और हमले की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। ये चोर अक्सर बनियान और अंडरवियर पहनकर अपराध को अंजाम देते हैं। कई बार लोगों को डराने के लिए इनके पास धारदार हथियार भी होते हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है, कि मालेगांव में इस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी वाकई इस गिरोह से हैं, या लोगों को भ्रमित और डराने के के लिए इस तरह का वेश धरा है।

## भेड़िये के बाद अब सियारों की एंट्री... मां के साथ सो रही नवजात बच्ची ले भागे

**-रोने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो नोच रहा था उसका शरीर**

सुलतानपुर। यूपी के बहराइच में आदमखोर भेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। भेड़िये मासूम बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को अपना शिकार बना रहे है। इसी बीच सुलतानपुर से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां पर एक सियार ने आतंक मचा रखा है। सियार बीती रात करीब चारपाई पर अपनी मां के साथ सो रही नवजात बच्ची को उठा ले गया। करीब 60 मीटर दूर ले जाकर बच्ची को नोचना शुरू किया तो बच्ची रोने लगी। आवाज सुनकर माता-पिता वहां पहुंचे तो सियार भाग गया। सियार के हमले से बच्ची की मौत हो गई। यह मामला मोतिगरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियरा के कोड़रिया पुरवे का है। गांव निवासी मोनू अपनी पत्नी बच्चों के साथ सोए हुए थे। पत्नी मुस्कान अपनी नवजात बेटी काजल (2 माह) व अन्य बच्चों के साथ चारपाई पर सो रही थी जबकि पिता मोनू बेटे सुल्तान के साथ दूसरी चारपाई पर लेटा था। उन्होंने बताया कि रात करीब एक बजे बेटी के रोने की आवाज सुनकर जागे तो नवजात काजल चारपाई पर नहीं थी। बच्ची के रोने की आवाज घर के पास खेतों में से आ रही थी। जब वह वहां पहुंचे तो सियार बच्ची को नोच रहा था, उन्हें देखकर भाग गया। सियार के हमले से नवजात के सिर के ऊपरी हिस्से में गहरा घाव हो गया है। परिजन उसे अस्पताल ले गए जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी। वहीं, 10 दिन पहले पास के एक गांव खैरहा निवासी बुजुर्ग बंशीधर चौबे को भी सियार ने चेहरे पर काट लिया था। सियार के हमले से अब इलाके में दहशत का माहौल है।

## राष्ट्रपति मुर्मू कल करेंगी उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन, आनंद मेले में लेंगी भाग

लातूर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को लातूर जाएंगी। यहां राष्ट्रपति उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और फिर महिला आनंद मेले समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू अपनी यात्रा के पहले दिन कोल्हापुर के वरणानगर में श्री वरणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुई थी। आज यानी मंगलवार को वह पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। इसके साथ ही वह मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगी। अपनी यात्रा के आखिरी दिन बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू लातूर के उदगीर में बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और शासन अव्यान दारी और मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात करेंगी। मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना को महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 28 जून, 2024 को लॉन्च किया था। योजना का उद्देश्य राज्य में महिलाओं को वित्तीय मदद और सशक्तिकरण प्रदान करना है।

# दुनिया के लिए खतरा, पर भारत के साथ अटूट दोस्ती रखता है उत्तर कोरिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन कई मौकों पर अमेरिका और साउथ कोरिया को धमकाते हुए भी देखे गए है। इन देशों ने उत्तर कोरिया की ताकत को दुनिया के लिए खतरा कहा है लेकिन भारत इससे बहुत प्रभावित नहीं दिखता है। भारत के उत्तर कोरिया से दशकों पुराने संबंध हैं, जो आज भी कायम हैं। दोनों देशों के नेता बहुत ज्यादा एक दूसरे देश की यात्राएं करते नहीं दिखते हैं लेकिन भारत दुनिया के इस खतरनाक देश पर अमेरिका की नाराजगी के बावजूद भरोसा करता रहा है। उत्तर कोरिया को एक अलग-थलग परमाणु-सशस्त्र तानाशाही वाला देश कहा जा सकता है लेकिन वह लगातार भारत का मित्र रहा है।

दरअसल भारत की रुचि उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम और पाकिस्तान से उसके संबंधों में है। वर्षों तक पाकिस्तान ने परमाणु तकनीक मुहैया कराकर उत्तर कोरिया की परमाणु हथियार विकसित करने में मदद की है। उत्तर कोरिया ने पाक को मिसाइलें विकसित करने में मदद की है। भारत ने लगातार अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान और उत्तर कोरिया के बीच इन संबंधों के बारे में बताया है। वीके सिंह की 2018 यात्रा के दौरा उत्तर कोरिया ने भारत की सुरक्षा को खतरे में नहीं डालने का वादा किया था। उत्तर कोरिया से भारत के रिश्ते रहे हैं लेकिन हालिया वर्षों में इनमें बहुत ताजगी नहीं दिखी है। उत्तर कोरिया की तुलना में भारत अमेरिका और दक्षिण कोरिया के कहीं ज्यादा करीब है। भारत ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर भी चिंता जताई है। बीते 5 वर्षों में दोनों के बीच शीर्ष स्तर की बैठकें भी नहीं हुई हैं।

उत्तर कोरिया के परमाणु परीक्षणों और मिसाइल टेस्ट से कथित तौर पर एशिया की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। इन परीक्षणों के चलते उसे कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया गया लेकिन भारत ने देश से संपर्क नहीं तोड़ा है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसका प्योंगयांग में दूतावास है। लंबे समय तक तो भारत उत्तर कोरिया का दूसरा और तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार रहा है। भारत और उत्तर कोरिया के नेता बहुत जल्दी-जल्दी दौरे नहीं करते हैं। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री ने करीब दस साल पहले 2015 में भारत का दौरा किया था। वहीं भारत के मंत्री वीके सिंह 2018 में उत्तर कोरिया गए थे। वीके सिंह की यात्रा ने विशेष रूप से दुनिया का ध्यान खींचा था क्योंकि इसकी उम्मीद कई देशों को नहीं थी। इससे एक साल पहले ही, 2017 में अमेरिका ने भारत से उत्तर कोरिया के साथ अपने राजनयिक संपर्क कम करने को कहा था। इसे उस समय की भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने नकार दिया था। भारत उत्तर कोरियाई राजनयिकों को प्रशिक्षण भी देता रहा है। भारत ने उत्तर कोरिया को कई महत्वपूर्ण मौकों पर मदद भी की है, जो दोनों की दोस्ती को दिखाता है। साल 2022 में उत्तर कोरिया ने बाढ़ से फसल नष्ट होने के बाद कथित तौर पर भारत से चावल मंगाया था।

## क्या कर्नाटक में जाएगी... सिद्धारमैया की सीएम कुर्सी



नई दिल्ली । कर्नाटक में क्या मुख्यमंत्री को बदला जाएगा, यह ऐसा सवाल है जो कांग्रेस सरकार के गठन के साथ ही कर्नाटक के सियासी गलियारों में चर्चाओं में है। एक बार फिर से इस सवाल पर खूब चर्चा हो रही है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को लेकर विपक्ष कई बड़े और गंभीर आरोप लगा रहा है। इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वह पार्टी आलाकमान और विधायकों के फैसले का पालन करुंगा। सीएम ने अपने गृहनगर मैसूरु में यह बात कही। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता आरवी देशपांडे के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त देकर कहा कि मुख्यमंत्री कैसे बनेगा? इस संबंध में पार्टी विधायक और आलाकमान को फैसला करना हैं, वे जो भी निर्णय लेते हैं, उसका पालन करुंगा। जब मीडिया ने उनसे सवाल किया कि इतने लंबे समय के बाद वह कैसे तरोताजा दिख रहे हैं, जबकि बीजेपी दावा कर रही थी कि वह मुद्रा मामले के मद्देनजर सुस्त दिख रहे हैं, तब सिद्धारमैया ने हंसते हुए कहा, विपक्ष ने इस मामले में झूठ बोला है। अगर उनका झूठ साबित नहीं हुआ है, यह उनके लिए मुश्किल होने वाला है। मैंने झूठ नहीं बोला है, न ही गलत बयान जारी किया है और न ही कोई गलती की है। कांग्रेस सरकार द्वारा न्यायिक आयोग की कोविड पर एक रिपोर्ट को कथित तौर पर बीजेपी के खिलाफ इस्तेमाल करने के सवाल पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि इस संबंध में सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट गुरुवार को कैबिनेट के सामने रखी जाएगी। भाजपा सांसद और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने दावा किया है कि इस रिपोर्ट का इस्तेमाल कांग्रेस द्वारा राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है।

# पीएम मोदी के ब्रुनेई और सिंगापुर दौरे पर कांग्रेस का तंज, मणिपुर का मानवीय दौरा कब करेंगे?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रुनेई और सिंगापुर की यात्रा पर निकलने पर कांग्रेस ने मंगलवार को उन पर निशाना साधते हुए पूछा कि ÷हमारा फ्रीक्वेंट फ्लायर÷ अशांत राज्य मणिपुर का %मानवीय% दौरा कब करेगा। प्रधानमंत्री मोदी सभी मौजूदा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के निमंत्रण पर 3-4 सितंबर को ब्रुनेई का दौरा कर रहे हैं। वह अपने सिंगापुर के समकक्ष लॉरेंस वोंग के निमंत्रण पर 4-5 सितंबर को सिंगापुर की यात्रा पर जाने वाले हैं।

कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि गैर-जैविक प्रधान मंत्री ब्रुनेई की %ऐतिहासिक% यात्रा के रूप में प्रचारित कर रहे हैं, जिसके बाद वह सिंगापुर जाएंगे। हमारा फ्रीक्वेंट फ्लायर अशांत राज्य मणिपुर का %मानवीय% दौरा कब करने जा रहा है? उन्होंने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के विपरीत दावों के बावजूद मणिपुर में स्थिति बहुत तनावपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने लिखा कि आज मणिपुर में भड़की हिंसा को ठीक 16 महीने हो गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप सैकड़ों लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग विस्थापित हो गए, जो राहत शिविरों में बेहद खराब स्थिति में रह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह विश्वास से परे है कि नरेंद्र मोदी को अभी भी राज्य में जाने और राजनीतिक दलों, नागरिक समाज समूहों और स्वयं लोगों के साथ बातचीत करने का समय या झुकाव नहीं मिला है। रमेश ने एक मीडिया रिपोर्ट भी टैग की जिसमें मैतेई और कुकी-ज़ोमी समुदायों के बीच अंतर को पाटने के लिए बीरेन सिंह द्वारा नियुक्त एक दूत के हवाले से कहा गया था कि बातचीत के लिए अनुकूल माहौल में हिंसा के बीच मध्यस्थता करना मुश्किल था। कांग्रेस ने शुक्रवार को इस बात पर आश्चर्य जताया था कि प्रधानमंत्री मोदी हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करके शांतिदूत क्यों नहीं बन सकते, जबकि वह इस भूमिका को निभाने के लिए ÷पूरी दुनिया÷ में जा रहे हैं।

## सिंगापुर से इलाज कराकर लौटे लालू फिर हुए एक्टिव, बुलाई अहम बैठक

**-तेजस्वी की आभार यात्रा और विधानसभा चुनाव को लेकर होगी चर्चा**

**पटना (एजेंसी)।** सिंगापुर से इलाज कराने के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पटना लौटते ही एक्शन में दिख रहे हैं। दरअसल लालू यादव सिंगापुर से दिल्ली लौटे और फिर पटना आ गए हैं। पटना आते ही लालू एक बार फिर एक्शन में आ गए हैं। आरजेडी सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को एक अहम बैठक बुलाई है।

इस बैठक में आरजेडी के चारों सांसद, सभी विधायक और विधान परिषद के सदस्यों को मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में तेजस्वी यादव की आभार यात्रा के साथ साथ आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि बैठक में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक में लालू के साथ तेजस्वी और पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए तेजस्वी यादव 10 सितंबर से एक बार फिर बिहार की यात्रा पर निकलने वाले हैं। तेजस्वी अपनी इस आभार यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और लोगों से बातचीत करेंगे। यात्रा के दौरान कोई सभा नहीं होगी। यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर जिले से होगी। यह यात्रा 17 सितंबर चक चलेगी। इस दौरान तेजस्वी दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी और मुजफ्फरपुर का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान तेजस्वी हर जिले में दो दिन रहेंगे। बता दें, लालू प्रसाद यादव अपने इलाज के लिए पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के साथ सिंगापुर गए थे। सिंगापुर में इलाज कराने के बाद लालू सोमवार को पटना लौटे हैं। सिंगापुर प्रवास के दौरान लालू की बेटी रोहिणी आचार्या भी उनके साथ थी। वहीं लालू के पटना एयरपोर्ट पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## गरीब देश में जाकर क्यों जान जोखिम में डाल रहे हैं भारतीय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया के दक्षिण पूर्व में भारत से करीब 1721 किलोमीटर दूर 75 लाख की आबादी लाओस देश दक्षिण पूर्वी एशिया का इकलौता लैंडलॉक्ड देश है। यानी इस देश की कोई भी सीमा समुद्र से जाकर नहीं मिलती है, नतीजन इसे समुद्री मार्ग का इस्तेमाल करने के लिए चीन, कंबोडिया, वियतनाम, थाइलैंड या म्यांमार पर निर्भर रहना पड़ता है। इन 5 देशों के साथ लाओस की बॉर्डर है।

पिछले कुछ साल से भारत में इस देश की काफी चर्चा है। कारण... अच्छी नौकरी के लालच में भारतीयों का इस देश में जाना और फिर किसी फर्जीवाड़े का शिकार होकर वहां फंस जाना। लाओस में ऐसे ही एक ट्रैप में पिछले कई महीनों से फंसे 47 भारतीयों को भारतीय दूतावास ने साइबर स्कैम सेंटर्स से छुड़ाया है। ये लोग लाओस के बोकेओ प्रांत में फंसे हुए थे।यह पहली बार नहीं है, जब इतनी बड़ी तादाद में भारतीयों को लाओस से छुड़ाया गया है। इससे पहले भी ऐसे कई मौके आ चुके हैं। भारतीय दूतावास के मुताबिक अब तक लाओस से ऐसे 635 भारतीयों को बचाया गया है, जो जॉब स्कैम में फंसकर लाओस में प्रताड़ना का शिकार हो रहे थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक लाओस में साइबर स्कैम करने वाले अपराधी काफी एक्टिव हैं। ये लोग नौकरी के फर्जी विज्ञापन देकर भारत सहित आसपास के देशों से लोगों को अपने देश में बुला लेते हैं। वहां, पहुंचने वाले लोगों का पासपोर्ट जब्त कर लिया जाता है और फिर खेल शुरू होता है साइबर स्कैम के जंजाल का। नौकरी के लालच में लाओस पहुंचने वाले लोग पासपोर्ट जब्त होने के बाद फंस जाते हैं और उनका निकलना मुश्किल हो जाता है। एशिया के अलग-अलग देशों से नौकरी के लोभ में लाओस पहुंचे लोगों से पहले तो डेटिंग ऐप पर फर्जी फोटो के जरिए लड़की की सोशल मीडिया प्रोफाइल बनवाई जाती है। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी करने के लिए कहा जाता है। बुरी तरह फंस चुके लोगों को बकायदा एक टारगेट दिया जाता है। वहां फंसने वाले लोग डेटिंग ऐप पर लड़की बनकर लड़कों से चैट करते हैं। जब उन्हें लगता है कि सामने वाला उनकी बातों में फंस चुका है तो वे उससे क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए तैयार करते हैं। जो भी शख्स अपने टारगेट को पूरा नहीं कर पाता उसे नरक से भी बदतर प्रताड़ना दी जाती है।

# बिहार में कुर्मी से ज्यादा ब्राह्मण... फिर नेतृत्व क्यों नहीं कर सकते : पीके

**-भाजपा के डर से कांग्रेस और राजद को वोट देता है मुसलमान**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जनसुराज के नेता और राजनैतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति को लेकर कहा कि नीतीश कुमार जिस कुर्मी जाति से आते हैं, उससे अधिक ब्राह्मणों की आबादी है। इसकारण यदि कुर्मी नेता नेतृत्व कर सकता है, तब बिहार में कोई ब्राह्मण क्यों नहीं कर सकता। उन्होंने खुद की ब्राह्मण पहचान को लेकर कहा कि आखिर संविधान में कहां लिखा है कि सवर्ण कोई राजनीतिक प्रयास नहीं कर सकता। पीके ने कहा कि मैं जातिवादी राजनीति नहीं करता हूं, लेकिन कुछ लोग मेरे नाम में पांडेय ढूंढकर ला रहे हैं।

पीके ने कहा, 18 फीसदी आबादी मुसलमानों की है और उनकी भूमिका भी अहम होगी। हम तय करते हैं कि दल के पदाधिकारियों में 18 प्रतिशत मुसलमान है। इसके अलावा टिकट पाने और पदों पर आने के मामले में भी उन्हें मौका मिलेगा। पीके ने कहा कि 2 अक्टूबर को हमारा दल औपचारिक रूप लेगा। इसमें एक साथ 1 करोड़ लोग आएंगे। यह ऐसा पहली बार होगा, जब कोई पार्टी बनाने के लिए ही 1 करोड़ लोग आगे आएंगे। हम अलग-अलग वर्गों से बात कर रहे हैं। मुसलमानों के साथ बैठक की है। उन्होंने कहा कि हमारी मूलभावना है कि सभी को साथ लेकर दल बनाना है।

वहीं बिहार में पीके ने आरजेडी के एमवाय समीकरण पर कहा कि यह अस्तित्व में नहीं है। पीके ने कहा कि 2014 में 4 सांसद उनके बने और फिर 2019 में यह आंकड़ा जीरो पर रहा। फिर से 4 सीट ही उन्हें मिली है। अब तक मुसलमान वोट उन्हें देता रहा है, लेकिन इसकी वजह आरजेडी का काम नहीं है बल्कि भाजपा से डर है। मुसलमानों की बात करें तब दलितों के बाद सबसे बदहाल मुसलमान ही हैं। उन्हें दिख रहा है कि कुछ मिल नहीं रहा है। ना ही विकास हुआ और ना राजनीतिक भागीदारी मिल सकी है। हम उन्हें यह बताएंगे कि वह सिर्फ भाजपा के विरोध में वोट न दें बल्कि अपने बच्चों के भविष्य के लिहाज से आगे बढ़ें।

पीके ने कहा कि ऐसा ही एक बड़ा वर्ग जो नीतीश कुमार या भाजपा को वोट देता है, वह लालू से डर वाला है। मैं मुसलमानों को बताता हूं कि आपने अब तक जिन रहनुमाओं को चुना है, उन्होंने आपके लिए क्या किया। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट 2006 में आई। तब ज्यादा दिन भाजपा का शासन नहीं था। उस रिपोर्ट के आधार पर साफ है कि मुसलमानों ने जिन लोगों को वोट दिया था, उन्होंने उन्हें आगे नहीं बढ़ाया। पीके ने कहा कि जनसुराज पार्टी का नेता मैं नहीं रहूंगा।

चुनावी रणनीतिकार रहे पीके ने कहा कि मैंने अपना सब कुछ इसके लिए दांव पर लगाया है। इस दौरान मैं बाहर नहीं निकला हूं। बिहार की स्थिति बदलने का पूरा खाका बनाकर आया हूं। उन्होंने कहा कि हमारा अभियान यह है कि आजादी से पहले ही कांग्रेस जैसा एक दल बनाया जाए। उस दौर में कांग्रेस का अध्यक्ष अधिवेशन में चुना जाता था और उनका कार्यकाल डेढ़ साल से ज्यादा का नहीं होता था। तब अनपढ़ लोगों की संख्या अधिक थी, लेकिन लोकतंत्र इतना अधिक था। फिर भी लोग अपने नेता का चुन लेते थे। क्या ऐसी स्थिति बिहार में नहीं हो सकती है। हम उसी को मॉडल मानकर आगे चल रहे हैं।

# चंबल में सांपों के आतंक से ग्रामीण दहशत में, 24 अजगरों का किया रेस्क्यू

**ग्वालियर (एजेंसी)।** चंबल सेंचुरी के वन क्षेत्राधिकारी के.के. त्यागी ने ग्रामीणों की सूचना पर चंबल सेंचुरी टीम और वन्य जीव प्रतिनिधियों ने मिलकर इस रेस्क्यू अभियान को अंजाम दिया. रेस्क्यू के दौरान 24 अजगर और एक करैत सांप को सुरक्षित बाहर निकाला है। इस घटना के बाद इलाके में ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ था, जिससे उन्होंने खेती करना छोड़ दिया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उन्हें राहत मिली है।

त्यागी ने बताया कि सभी सांप चार फिट से ज्यादा लंबे थे और उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया है। रेस्क्यू अभियान के डॉ. आशीष ने बताया कि वे पिछले दस सालों से सांपों का रेस्क्यू कर रहे हैं, लेकिन पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सांपों का रेस्क्यू किया गया है। इटावा जिले में पिछले दस सालों में करीब 10 हजार छोटे-बड़े अजगरों का रेस्क्यू किया गया है। 5 किलो से लेकर 100 किलो वजनी और 5 फीट से लेकर 20 फुट लंबे अजगरों को सुरक्षित रेस्क्यू करके जंगल में छोड़ा गया है. पिछले 20 सालों से इटावा जिले में बड़े पैमाने पर जमीन से अजगरों के निकलने का सिलसिला जारी है।

इटावा में अजगरों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि इसे देश-दुनिया का सबसे बड़ा अजगरों का बसेरा बन गया है। अजगर आमतौर पर लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन जब वे खतरे में होते हैं, तो उनका बचना मुश्किल होता है। जंगलों के कटने के कारण अजगर अब इंसानी बस्तियों की ओर बढ़ रहे हैं, जहां वे अपना बसेरा बना रहे हैं। अजगर एक संरक्षित जीव है। इसके संरक्षण के लिए केंद्र या राज्य सरकार की ओर से कोई विशेष योजना नहीं बनाई गई है। इसलिए रेस्क्यू किए गए अजगरों को संरक्षित वन क्षेत्रों में छोड़ा जाता है. चंबल घाटी के यमुना और चंबल नदियों के किनारों पर सैकड़ों अजगर पाए जाते हैं, हालांकि इनकी कोई तथ्यात्मक गणना नहीं की गई है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**